www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024, वर्ष-13 अंक- 52 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

यह ठीक है कि कपड़ों की तरह दल बदलना राजनीतिक पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का जन्मसिद्ध अधिकर है। आखिर उनकी भी तो अंतर-आत्मा होती है। यह बात अलग है कि इन दलबदलुओं की सोई हुई अंतर-आत्मा ऐन चुनाव के दौरान जागती है। टिकट कटा नहीं की ये पार्टी से कल्टी मारने में देर नहीं करते। क्या करें बेचारे? यदि पार्टी जनसेवा के नाम पर मेवा खाने का मौका नहीं देगी तो पार्टी में रह कर झख तो नहीं मारेंगे। जहां सिंग समाएगा वहीं जाकर घुसेंगे। इन्हें कोई दलबदलू कहे या और जो चाहे कहे कहता रहे इनकी बला से।

पीएम को गाली अब जनता बर्दाश्त नहीं करेगी

■ सीएम विष्णुदेव साय ने कहा महंत का बयान, हिंसक है, भड़काऊ है, उग्र है...

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा है कि, हमें मोदी का सिर फोड़ने वाला सांसद चाहिए। इस पर सीएम साय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सीएम विष्णुदेव साय ने पलटवार करते हुए कहा है कि पीएम को गाली अब जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत के मुड़ फोड़ने वाले बयान से भाजपा नेताओं में नाराज़गी व्याप्त है।

बीजेपी नेताओं ने अलग-अलग बयान देकर अपने ही अंदाज़ में डॉ महंत के खिलाफ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जनता सिखाएगी कांग्रेस को सबक

भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज दोपहर चुनाव आयोग कार्यालय शिकायत करने पहुंचे। प्रदेश बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने कहा प्रधानमंत्री जी के लिए दिया गया बयान, हिंसक बयान है। भड़काऊ है, उग्र है देश की संवैधानिक मर्यादाओं को तोड़ने वाला बयान है। जनता अपनी प्रिय प्रधानसेवक के लिए इस प्रकार के बयान कभी बर्दाश्त नहीं करेगी, कांग्रेस को सबक सिखायेगी।

महंत ने कहा- ठीकरा फोड़ना मतलब, छत्तीसगढ़ी में मुड़ फोड़ना ही कहते हैं

■ मुझे संसदीय परंपरा का पूर्ण ज्ञान है मेरे बयान की गलत समीक्षा की जा रही

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा है कि मुझे संसदीय परंपरा का पूर्ण ज्ञान है, छत्तीसगढ़ी नहीं समझने वाले गलत प्रचार कर रहे हैं। नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा- जैसे मुहावरा है ठीकरा फोड़ना.. मतलब, जिम्मेदारी वहन करना होता है, जिसे छत्तीसगढ़ी में मुड़ फोड़ना ही कहा जाता है।

डॉ. चरणदास महंत ने कहा है कि, राजनांदगांव में दिए गए मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर प्रचारित-प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि, उन्हें छत्तीसगढ़ की रीति-नीति व संस्कृति का शायद ज्ञान नहीं है, इसलिए उनके सहज व विशुद्ध छत्तीसगढ़िया वाक्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा है कि, मैं विशुद्ध रूप से छत्तीसगढ़िया संस्कृति में रचा-बसा हूं। छत्तीसगढ़ की भाषा शैली का उपयोग करते समय बीच-बीच में निर्धारित प्रयोग लक्षणा-व्यंजना में आने वाले शब्दों के साथ बात करता हूं। छत्तीसगढ़ियों में एक प्रचलित वाक्य जैसे- लउठी धर के दउड़ा न, मार न टूरा ला जैसे कई वाक्य सहज रूप से उपयोग में लाए जाते हैं।

उन्होंने बयान को तोड़मड़ोरकर पेश करने वालों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीजी में महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छग की बीजेपी सरकार ने महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त जारी कर दी हैं। विष्णुदेव

साय ने अपने ट्वीट में लिखा, 'मोदी की गारंटी' में किये वादे को निभाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के स्वाभिमान का सम्मान कर आज 'महतारी वंदन योजना' की इस माह की किश्त जारी हुई। योजना का प्रथम चरण पूरा हो चुका है जिसमें करीब 70 लाख आवेदन सरकार को प्राप्त हुए हैं। इस योजना को लॉन्च करने का उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुधारना और उन्हें सशक्त बनाना है।

पटाखे से भरे ट्रक में लगी आग

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के ग्राम बोरई से नगपुरा के बीच आज दोपहर सार्थी फ़ायर वर्क्स के पटाखों से भरे ट्रक में आग लग गई। आगजनी की सूचना पर अग्निशमन

की गाड़िया मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इसी दौरान पटाखों के कारण आग खेत तक पहुंच गई। जिसे तत्काल बुझाया गया। घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी सार्थी फ़ायर वर्क्स के पटाखों से भरे ट्रक में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद अग्निशमन की गाड़ियों ने घटना स्थल पर पहुँच कर आग पर काबू पाया।

सावधान.. ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी के नाम से साइबर ठगी की कोशिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला की फोटो का इस्तेमाल कर साइबर ठगी का प्रयास किया जा रहा है। अज्ञात व्यक्ति ने सोशल मीडिया में शुक्ला की प्रोफाइल फोटो (डीपी) लगाकर उनसे संबंधित लोगों को वाट्सएप पर फर्जी मैसेज भेजकर ठगी करने की कोशिश की जा रही है। उनके सभी संपर्क में रहने वाले लोगों को फर्जी मैसेज भेजे जा रहे हैं। शुक्ला ने लोगों को जागरूक करने के लिए मैसेज भेजकर कहा है कि 9913599513 मोबाइल नंबर से लोगों को भेजे जा रहे मैसेज फर्जी हैं। इस नंबर या और अन्य किसी भी नंबर से मैसेज प्राप्त हो, तो उसमें प्रतिक्रिया ना दें।

5 राज्यों में 8 जिलाधिकारियों व 12 एसपी को चुनावी काम नहीं

नई दिल्ली, (वार्ता)। लोकसभा चुनाव से पहले मंगलवार को असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और

आंध्र प्रदेश में आठ जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधीक्षकों का तबादला कर दिया गया। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ एक बैठक के दौरान चुनाव आयोग द्वारा नियमित समीक्षा के हिस्से के रूप में यह निर्णय लिया गया।

आतिशी को बीजेपी का लीगल नोटिस

आप नेता व दिल्ली सरकार की मंत्री से कहा- तुरंत माफी मांगें वरना..

नई दिल्ली (ए.)। आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार की मंत्री आतिशी मर्लेना को भाजपा की दिल्ली इकाई ने मानहानि का नोटिस भेजा है। आतिशी मर्लेना ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने उनसे पार्टी बदलने के अनुरोध के साथ संपर्क किया था।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को मीडिया को इसकी जानकारी देते हुए आतिशी से सार्वजनिक माफी की मांग की है। उन्होंने कहा है कि आतिशी तुरंत माफी मांगे वरना उन पर बीजेपी एवं कार्यकर्ताओं की मानहानि का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आतिशी ने बीजेपी पर लगाया था आरोप

बता दें कि मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में आतिशी ने कहा था कि बीजेपी ने एक बहुत करीबी व्यक्ति के माध्यम से मुझसे संपर्क किया है। उन्होंने मुझे भाजपा में शामिल होने के लिए कहा है, इससे मेरा राजनीतिक करियर बच जाएगा। उन्होंने धमकी दी है कि अगर मैं बीजेपी में नहीं आई तो, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) एक महीने के भीतर मुझे गिरफ्तार कर लेगी। आतिशी ने यह भी दावा किया कि उन्हें और तीन अन्य आप नेताओं दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आप सांसद राघव चड्ढा और पार्टी विधायक दुर्गेश पाठक को अगले कुछ महीनों में गिरफ्तार किया जा सकता है। सत्तारूढ़ पार्टी आप में सभी को कुचलने का मन बना लिया है।

दावा-केजरीवाल का 12 दिनों में 4.5 किलो घटा वजन

आम आदमी पार्टी (आप) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के वजन में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय

(ईडी) की हिरासत के दौरान एक बार शुगर का स्तर 46 तक पहुंच गया जो किसी भी व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। 'आप' की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने आज संवाददाताओं से कहा कि श्री केजरीवाल के स्वास्थ्य पर ख़तरा मंडरा रहा है। वह ईडी की हिरासत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संजय की जमानत के बाद सच सामने आया : आप

आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि 'आप' सांसद संजय सिंह को जमानत मिलने के बाद एक बात स्पष्ट हो गई है कि बिना किसी सबूत और प्रमाण के डरा-धमकाकर, दबाव बनाकर, लोगों को सरकारी गवाह बनाकर, झूठे आरोप लगाकर सारी गिरफ्तारियां की गई हैं। राय ने संवाददाताओं से आज कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दो साल से दिल्ली में फर्जी शराब घोटाले का षड़यंत्र करके दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खत्म करने का अभियान चलाया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को अपना हथियार बनाकर फर्जी आरोपों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संजय सिंह बनाम ईडी : बांसुरी का नाम हटाने की गुहार

उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्य सभा सांसद संजय सिंह के जमानत आदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता बांसुरी स्वराज का नाम 'त्रुटिवश' बतौर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिवक्ता अंकित होने से संबंधित केंद्रीय जांच एजेंसी की दलीलों का बुधवार को संज्ञान लिया और कहा कि इस मामले में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने इस मामले में ईडी के अधिवक्ता ज़ोहेब हुसैन की उन दलीलों का संज्ञान लिया, जिसमें सुश्री स्वाराज का नाम दो अप्रैल को पारित एक आदेश (संजय सिंह की जमानत आदेश) से हटाने का अनुरोध किया गया है।

14 घंटे की मुठभेड़ : बुधवार को 13 नक्सलियों के शव बरामद

■ नक्सली मांद में बने माओवादी निशाना

बीजापुर/नवप्रदेश। माओवादियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की जंगल में हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई का असर दिखने लगा है। लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं। इससे उनकी कमर टूटेगी और चुनाव शांति के साथ निपटेंगे। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, जो पुलिस बल के साथ मांद में घुसकर नक्सलियों को निशाना बना रहे हैं। कल मंगलवार को बीजापुर जिले के कोरचोली के जंगल में हुए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

10 पुरुष और 3 महिला नक्सली शामिल

बस्तर रेंज पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि लगभग 14 घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से कुल 13 माओवादियों के शव बरामद किए गए, जिनमें 10 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल थीं। जप्त किए गए हथियारों में एक लाइट मशीन गन (एलएमजी), दो राइफल और बड़ी मात्रा में बीजीएल गोले और लॉन्चर शामिल थे। शव बरामद होने के बावजूद मृत नक्सलियों की पहचान अपुष्ट है। हालांकि, प्रारंभिक आंकलन से पता चलता है कि अधिकांश हताहत पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) कंपनी नंबर 02 के हैं।

बड़ी राहत: दवाओं की कीमतों में नहीं होगी वृद्धि

■ सरकार ने कहा सभी समाचार भ्रामक और गलत है

नई दिल्ली, (वार्ता)। सरकार ने कहा है कि दवाओं की कीमतों में वृद्धि नहीं होगी और इस संबंध में सभी समाचार भ्रामक और गलत हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि दवाओं की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि का दावा करने वाली रिपोर्टें असत्य और भ्रामक हैं।

मंत्रालय ने कहा है कि कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान आधार वर्ष 2011-12 के साथ थोक मूल्य सूचकांक में वार्षिक वृद्धि 0.00551 प्रतिशत थी। इसके अनुरुप राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

782 दवाओं की कीमतों में बदलाव नहीं

मंत्रालय के अनुसार 923 दवाओं पर अधिकतम कीमतों में 0.00551 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इसके अलावा 782 दवाओं की अधिकतम कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा। मौजूदा कीमतें 31.03.2025 तक लागू रहेंगी। इस प्रकार उन 54 दवाओं की कीमतों में 001 पैसे की वृद्धि होगी जिनकी कीमतें 90 रुपए से 261 रुपये के बीच हैं। इस प्रकार, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईआईटी जैसे संस्थानों पर भी बेरोजगारी का संकट : राहुल

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को बेरोजगारी को लेकर भाजपा सरकार पर फिर हमला किया और कहा कि मोदी सरकार की रोजगार को लेकर कोई नीति नहीं है इसलिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जैसे प्रमुख संस्थान भी बेरोजगारी की चपेट में आ गए हैं। गांधी ने ट्वीट कर कहा 'बेरोज़गारी की बीमारी' की चपेट में अब आईआईटी जैसे शीर्ष संस्थान भी आ गए हैं। आईआईटी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यसभा से रिटायर हुए पूर्व पीएम मनमोहन 9 केंद्रीय मंत्री समेत 54 का कार्यकाल खत्म

33 साल बाद हो रहा ऐसा..

नई दिल्ली (ए.)। 33 साल बाद राज्यसभा से पूर्व पीएम मनमोहन सिंह रिटायर हो रहे हैं। उनके साथ ही 9 केंद्रीय मंत्री समेत 54 का

कार्यकाल खत्म हो रहा है। इनमें से कई लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं तो कई सांसद ऐसे हैं जिनकी राज्यसभा में वापसी भी हो रही है। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह 3 अप्रैल यानी बुधवार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

12 सदस्यों ने ली राज्यसभा सदस्यता की शपथ

नई दिल्ली, (वार्ता)। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार श्री धनखड़ ने राज्यसभा में आयोजित संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह में इन सदस्यों को शपथ दिलायी। नये सदस्य गत दो अप्रैल को सेवा निवृत हुए सदस्यों की जगह चुनकर आये हैं। इस मौके पर राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश और महासचिव पी सी मोदी तथा अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. मनमोहन सिंह की खासियत

डॉ. मनमोहन सिंह को अर्थव्यवस्था से संबंधित कई बड़े फैसले लेने के लिए जाना जाता है। 1991 में पहली बार वह राज्यसभा पहुंचे थे और उन्होंने पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली थी। इसके बाद वह 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। अब वह 91 साल के हो गए हैं।

गरमा-गरम

गेम प्लान... शराब बिक्री के लिए आबकारी विभाग ने छत्तीसगढ़ में बदला नियम, कोचियागिरी होगी खत्म

शराब बिक्री में पजेशन लिमिट, अब 4 की जगह सिर्फ 1 बोतल

मनीष बाघ

नवप्रदेश एक्सक्लूसिव

रायपुर/नवप्रदेश। शराब के शौकीनों के लिए एक और बुरी खबर है। शराब महंगी होने के साथ ही अब बेचे जाने वाले बोतलों की संख्या में भी कटौती कर दी गई है। आबकारी विभाग ने इसके लिए फरमान जारी करते हुए नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब शराब खरीदने वाले व्यक्ति को सिर्फ एक ही बोतल बेचा जाएगा। पहले काउंटर से चार बोतल खरीदने की व्यवस्था थी। बोतल के अलावा पव्वा और बीयर के लिए भी नियम बदल दिया गया है।

आबकारी सूत्रों के मुताबिक शराब दुकानों के काउंटर में लाइन लगाने वाले शौकीन 1 अप्रैल के बाद से सिर्फएक बोतल या फिर पव्वा खरीद पा रहे हैं। इसके पीछे की वजह नई पॉलिसी बताई जा रही है। अप्रैल के पहले तक शाकीनों को काउंटर

में एक साथ 16 पव्वा तक बेचा जा रहा था लेकिन अब उन्हें सिर्फ4 पव्वा बेचने की व्यवस्था लागू है। बताया जा रहा है कोई भी शराब लेने वाले व्यक्ति को सिर्फ एक बोतल ही बेचा जाएगा। बीयर का शौक रखने वाले शौकीन एक नग खरीदी कर पाएंगे। शराब दुकान के काउंटर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहले तीन दिनों में रिकार्ड आमदनी

बढ़ी कीमतों पर शराब बिक्री शुरू होने के साथ ही पहले तीन दिनों में रिकार्ड आबकारी विभाग को रिकार्ड आमदनी हुई है। दो दिनों में ही करोड़ों रुपये की बिक्री हुई है। पिछले साल 6 हजार करोड़ रुपये बिक्री का लक्ष्य रखा गया था। इस बार बिक्री की राशि में 40 फीसदी बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

पहले ही दिन उगाही की शिकायत

शराब दुकानों में एक अप्रैल को ही काउंटर में लोगों से उगाही की शिकायत बाहर आई है। बताया जा रहा है पुराने स्टॉक में ही कर्मचारियों ने दाम बढ़ाकर बिक्री की। बिना स्केन के ही शौकीनों के बीच स्टॉक खपा दिया। जबकि पूरे स्टॉक की स्केनिंग होने के बाद उसे बेचने निर्देश जारी किया गया था। आबकारी की नई पॉलिसी का फायदा उठाकर कर्मचारियों ने बढ़ी कीमतों के बहाने शौकीनों से 20 से 50 रुपये तक वसूल कर लिए।

> जिले की सभी दुकानों के लिए पजेशन लिमिट की पॉलिसी बदली गई है। शराब लेने वाले व्यक्ति को अब चार की जगह सिर्फएक ही बोतल बेचा जाएगा। इसी हिसाब से पव्वा और बीयर के लिए भी नियम लागू किए हैं।
>
> **- विकास गोस्वामी,** आबकारी उपायुक्त

दैनिक नवप्रदेश — प्रदेश के साथ पूरा देश...

लोकतंत्र का महापर्व 2024

अखंड एमपी के दौर से रायगढ़ में कायम है बीजेपी की बादशाहत

अब तक हुए 15 बार लोकसभा चुनाव

6 बार कांग्रेस और 8 बार खिला कमल

इस बार श्याम-मेनका में मुकाबला

रायगढ़/नवप्रदेश। अखंड मध्यप्रदेश के दौर से ही रायगढ़ लोकसभा की सीट पर फत्तह पाना कांग्रेस के लिए सपना ही रहा है। अजीत जोगी युग की बात करें या कांग्रेस में नंदकुमार पटेल के स्वर्णिम कार्यकाल की, आज पर्यन्त यह सीट कांग्रेस के हाथ से फिसलती रही है।

साल 1999 से लेकर 2019 तक भारतीय जनता पार्टी ने यहां जीत के झंडे गाड़ते हुए अपनी बादशाहत कायम रखी है। इनमें 99 से लेकर 2014 तक स्वयं छत्तीसगढ़ के मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ही चार बार सांसद चुने गए और उसके बाद वर्ष 2019 से अब तक भाजपा की गोमती साय सांसद हैं। अब की बार 400 पार का लक्ष्य लेकर भाजपा ने गोमती साय का टिकट काटकर रायगढ़ लोकसभा सीट पर राधेश्याम राठिया को चुनाव मैदान में उतारा है। उनका सामना कांग्रेस की ओर से मेनका सिंह कर रही हैं।

छग गठन के बाद से कांग्रेस यहां से जीत का स्वाद नहीं चखी

आठ विधानसभा वाली इस सीट पर बीजेपी का दबदबा लगातार कायम है। इस लोकसभा क्षेत्र का इतिहास काफी पुराना है। वर्ष 1962 में अस्तित्व में आई रायगढ़ लोकसभा के लिए अब तक 15 बार आम चुनाव हो चुके हैं। वर्ष 1962 के पहले आम चुनाव में रामराज्य परिषद ने चुनाव जीता था। इसके बाद कांग्रेस 6 बार चुनाव जीती, जबकि बीजेपी ने 7 बार और जनता पार्टी 1 बार कामयाब रही। इतिहास के पन्नों पर गौर करें तो पहले आम चुनाव में उस दौर के संगठन रामराज्य परिषद के विजया भूषण सिंहदेव ने जीत हासिल कर पहले सांसद के रुप में पार्लियामेंट में कदम रखा था।

राधेश्याम राठिया

तमाम प्रयोग भी काम न आया

इसके बाद वर्ष 1967, 1971 के दोनों चुनाव में कांग्रेस की विजया सिंह, उम्मेद सिंह राठिया ने चुनाव जीता। वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी के नरहरि सिंह साईं, 1980-1984 के दो आम चुनाव में पुष्पा देवी सिंह यहां से सांसद चुनी गईं। वर्ष 1989 में बीजेपी के नंद कुमार साय, 1991 में कांग्रेस की पुष्पा सिंह फिर चुनाव जीत गईं। वर्ष 1996 में बीजेपी के नंद कुमार साय और फिर 1998 में कांग्रेस के अजीत जोगी ने चुनाव जीता। इस तरह से कांग्रेस को वर्ष 1999 से वर्ष 2019 तक रायगढ़ सीट पर पराजय का मुंह देखना पड़ा है। तमाम प्रयोगों के बावजूद रायगढ़ सीट भाजपा के कब्जे में है।

मेनका सिंह

2019 में कांग्रेस ने 66 हजार वोट के बड़े अंतर से पाई शिकस्त

छत्तीसगढ़ बनने के पहले 1999 के चुनाव में भी बीजेपी के विष्णु देव यहां से चुनाव जीते थे। अविभाजित मध्य प्रदेश से अब तक 4 बार सांसद बनने के साथ साय केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री रह चुके हैं। विष्णु देव साय के बाद 2019 से अब तक गोमती साय सांसद हैं, जो इस बार पत्थलगांव विधानसभा से विधायक भी चुनी गई हैं। रायगढ संसदीय क्षेत्र के लिए 2009 में हुए आम चुनाव में बीजेपी के विष्णु देव साय और कांग्रेस के हृदयराम राठिया के बीच सीधा मुकाबला था। जिसमें साय को 47.44 प्रतिशत वोट बैंक के साथ 4 लाख 43 हजार 948 वोट मिले थे और वे 55848 वोट से चुनाव जीत गए थे। इसी तरह 2014 के आम चुनाव में फिर से बीजेपी की ओर से विष्णु देव साय प्रत्याशी बनाए गए और इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस की आरती सिंह से हुआ। इस चुनाव में भी विष्णु देव साय ने 53.16 प्रतिशत वोट शेयर के साथ कांग्रेस की आरती सिंह को 2 लाख 16 हज़ार 750 वोट के बड़े अंतर से चुनाव हरा दिया। अब बारी 2019 के आम चुनाव की थी।

46 प्रतिशत आदिवासी वोटर, 26 प्रतिशत ओबीसी

अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्व रायगढ़ लोकसभा के अंदर 8 विधानसभा शामिल है। इनमें जशपुर जिले की 3 विधानसभा और रायगढ़ जिले की 5 विधानसभा आते हैं। जशपुर जिले की जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव विधानसभा और रायगढ़ जिले की लैलूंगा, धरमजयगढ़, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया विधानसभा शामिल है। इस संसदीय सीट पर इस बार रोचक सियासी द्वंद्व देखने को मिलेगा। यहां मुख्य रूप से भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधी भिड़ंत होगी। भाजपा ने राधेश्याम राठिया तो कांग्रेस ने श्रीमती मेनका देवी सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के जातिगत समीकरणों की बात करें तो सर्वाधिक मतदाता अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं।

विस चुनाव में बीजेपी सिर्फ 3 प्रतिशत आगे, भारी पड़ सकता है मामूली अंतर

बीते वर्ष के विधानसभा चुनाव-2023 में बीजेपी केवल तीन प्रतिशत वोटों से कांग्रेस से आगे रही है। रायगढ़ संसदीय सीट में जहां भाजपा को 7 लाख 8628 वोट मिले, तो कांग्रेस ने 6 लाख 65908 मत प्राप्त किए थे। बसपा को 19402, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को 3019 व निर्दलीय उम्मीदवारों को 75015 वोट मिले। इस प्रकार रायगढ़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी अपने प्रतिस्पर्धी भाजपा से 42720 वोटों से पीछे है। इस तरह कांग्रेस अपने छह माह पहले के विधानसभा में किए गए प्रदर्शन को बेहतर कर मौजूदा लोकसभा चुनाव में अप्रत्याशित नतीजे लाने कोशिश कर सकती है। बसपा-गोंगपा और निर्दलीय उम्मीदवारों के खाते में सेंध लगाकर कांग्रेस इस बार कहीं नया इतिहास रच सके, तो अचरज की बात न होगी।

लोकसभा चुनावी वॉच

बीजेपी के समय बढ़ा खिलाड़ियों का मान-सम्मान: विजेंदर सिंह

__नई दिल्ली।__ ओलंपियन मुक्केबाज व कांग्रेस नेता विजेंदर सिंह बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए.



इस मौके पर उन्होंने कहा, सभी को राम राम. पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में बीजेपी में शामिल हो रहा हूं. यह एक तरह से मेरी घर वापसी हो रही है. खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है. अब हम विदेश में भी आसानी से आ और जा सकते है. मैं पहले वाला विजेंदर हूं जो गलत लगेगा उसे गलत कहूंगा और जो सही लगेगा उसे सही कहूंगा. भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दक्षिण दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में विजेंदर सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. पिछले कुछ दिनों से ऐसी चर्चा थी कि कांग्रेस उन्हें मथुरा से अभिनेत्री और मौजूदा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ मैदान में उतार सकती है. सिंह जाट समुदाय से ताल्लुक रखते हैं, जिसका हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में सीटों पर राजनीतिक प्रभाव है. सिंह ने 2019 का लोकसभा चुनाव दक्षिणी दिल्ली सीट से कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. उन्होंने 2008 बीजिंग ओलिंपिक में मुक्केबाजी में कांस्य पदक जीता था. उन्होंने कई अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भी देश के लिए पदक जीते हैं.

सुशील मोदी को कैंसर, नहीं कर पाएंगे चुनाव प्रचार

__पटना, (वार्ता)।__ बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी कैंसर से पीड़ित है? और इस वजह से वह इस बार पार्टी के लिए चुनाव प्रचार नहीं कर पायेंगे । श्री मोदी ने बुधवार को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर ट्वीट कर कहा,÷ पिछले 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूँ। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है । लोक सभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊँगा । पीएम को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित। बताया जाता है कि श्री मोदी गले के कैंसर से पीड़ित हैं। 3 महीने पहले गले में दर्द की शिकायत पर जांच कराई तो कैंसर का पता चला। अभी वे दिल्ली एम्स में चेकअप करा रहे हैं। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उन्हें यह जानकर बहुत पीड़ा हुई है। वह उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं । उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में उनकी कमी खलेगी।

ओडिशा प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भृगु बक्शीपात्रा का इस्तीफा

__भुवनेश्वर, (वार्ता)।__ ओडिशा प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उपाध्यक्ष भृगु बक्शीपात्रा ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। श्री बक्शीपात्रा के बीजू जनता दल (बीजद) में शामिल होने के कयास लगाये जा रहे हैं। पूर्व मंत्री एवं तीन बार विधायक रहे प्रदीप पाणिग्रही को बरहामपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारने के भाजपा के फैसले पर असंतोष को श्री बक्शीपात्रा के इस्तीफे का कारण माना जा रहा है। यह भी माना जा रहा है कि श्री बक्शीपात्रा बरहामपुर लोकसभा सीट से बीजद उम्मीदवार हो सकते हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल को भेजे अपने इस्तीफे में बक्शीपात्रा ने 23 वर्षों तक पार्टी की सेवा करने के अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य में विकास के लिए समर्पण और ईमानदारी से काम किया है। बीजद ओडिशा की 21 लोकसभा सीटों में से 15 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

400 का लक्ष्य पाने बीजेपी की खास रणनीति

- एक लाख नुक्कड़ सभाएं, 15 हजार नेताओं की फौज
- मिशन 80 के लिए बीजेपी ने तैयार किया मेगा प्लान

लखनऊ। अबकी बार 400 पार और मिशन 80 का लक्ष्य लेकर लोकसभा चुनाव में उतरी बीजेपी ने उत्तर प्रदेश के लिए खास प्लान बनाया है। बीजेपी प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने और मिशन 80 सिद्ध करने के लिए प्रदेश में 1 लाख से अधिक नुक्कड़ सभाएं करेगी. यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर नुक्कड़ सभाएं होंगी. इतना ही नहीं इसके लिए पार्टी की तरफ से 15 हजार नेताओं की फ़ौज भी उतारी गई है. साथ ही सोशल मीडिया वालंटियर्स भी इसमें शामिल रहेंगे.

बीजेपी के महामंत्री संगठन धर्मपाल ने कैराना से नुक्कड़ सभाओं की शुरूआत भी कर दी. बीजेपी के नुक्कड़ सभा में सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे. बीजेपी की नुक्कड़ सभाओं में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे. नुक्कड़ सभाओं से लाभार्थी वोटर्स को साधने के लिए बीजेपी के दिग्गज नेता गांव-गांव जाएंगे.

नेताओं को बता दिए गए मुद्दे

नुक्कड़ सभाओं में नेताओं को क्या बोलना है और क्या नहीं सभी की प्लानिंग कर ली गई. नेताओं को सभी मुद्दे बता दिए गए हैं, जिन पर इन सभाओं में बोलना है. बीजेपी के नेताओं की फ़ौज छोटे-छोटे समूहों में लोगों से बात करेगी। इसके जरिए पार्टी छोटे-छोटे समूहों को साधना चाहती है. दरअसल, बीजेपी ने चुनाव प्रचार को और तेज कर दिया है. आक्रामक चुनाव प्रचार के जरिए बीजेपी विपक्ष को मात देने में जुटी है. इसके लिए सांसद, विधायक, मेयर, नगरपालिका चेयरमैन से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को मैदान में उतार दिया है.

महाराष्ट्र में 'सबसे बड़ी' जीत दिलाने वाले ने छोड़ी बीजेपी

- सांसद रहे उन्मेश पाटिल ने ठाकरे गुट का दामन थामा

जलगांव। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर महाराष्ट्र की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है. भाजपा गठबंधन के साथ-साथ अपने भीतर की अशांति को सुलझाने में लगी है. इस बीच पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है.

बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक सबसे बड़ी जीत दिलाने वाले नेता ने नाराजगी में शिवसेना उद्धव गुट का दामन थाम लिया है. एक दिन पहले उद्धव गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात कर वह बुधवार को पार्टी में शामिल हो गए. हम बात कर रहे हैं बीजेपी के सांसद रहे उन्मेश पाटिल की. पाटिल जलगांव से निवर्तमान सांसद हैं. उन्होंने 2019 के चुनाव में 4.11 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी. वैसे तो महाराष्ट्र में सबसे बड़ी जीत मुंबई नॉर्थ से भाजपा के गोपाल शेट्टी ने दर्ज की थी. उनकी जीत का मार्जिन 4.65 लाख था. दूसरी बड़ी जीत ठाणे से शिवसेना के रंजन विचारे ने हासिल की थी. उनकी जीत का अंतर 4.12 लाख वोटों का था. तीसरे नंबर पर उन्मेश पाटिल थे. पाटिल के शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे दल में शामिल होने के कुछ दी देर बाद उद्धव ठाकरे ने जलगांव सहित चार सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है.

शिवसेना गुट के हुए

भाजपा द्वारा जलगांव में उनकी उम्मीदवारी खारिज करने के बाद वह शिवसेना ठाकरे गुट में शामिल हो गए. ठाकरे गुट में शामिल होने के बाद चर्चा थी कि क्या उन्हें उम्मीदवारी मिलेगी. लेकिन उन्मेश पाटिल की जगह उनके समर्थक को उम्मीदवार घोषित किया गया है. जलगांव में करण पवार को उम्मीदवार बनाया गया है. हातकणंगले से पूर्व विधायक सत्यजीत पाटिल. जबकि पालघर में भारती कामडी और कल्याण में वैशाली दरेकर के नाम की घोषणा की गई है.

बहुजन समाज पार्टी का तंज...

अरुण गोविल 'नौटंकी वाले राम'

- नामांकन के बाद बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी का बीजेपी पर हमला

मेरठ। लोकसभा चुनाव के शंखनाद के साथ ही नेताओं के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है. यूपी में दूसरे चरण के लिए मतदान की प्रक्रिया जारी है. बुधवार को मेरठ लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया. हालांकि इस दौरान उन्होंने बीजेपी के प्रत्याशी पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें नौटंकी वाला राम बता दिया.

नामांकन के बाद देवव्रत त्यागी ने अपनी जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि दलित-मुस्लिम समीकरण ही उन्हें लोकसभा तक पहुंचायेगा. वहीं उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी अरुण गोविल पर भी कटाक्ष किया. उन्होंने कहा बीजेपी का प्रत्याशी नौटंकी के राम है. भगवान राम से अरुण गोविल का कोई लेना देना नहीं है. उन्होंने कुछ फिल्मों में जरूर काम किया है।

दरअसल, मेरठ में बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी इस बार चुनावी मैदान में है. देवव्रत त्यागी ने बुधवार को नामांकन दाखिल करके चुनावी रणभूमि में ताल ठोक दी है. जिसके बाद अब उन्होंने कहा कि उनका किसी से भी मुकाबला नहीं है. उन्होंने कहा कि सब अपना काम कर रहे हैं और बसपा बिल्कुल साइलेंट तरीके से चुनाव जीतती है, देवव्रत त्यागी की माने तो मायावती खुद चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगी. जल्द ही मेरठ की क्रांति धरा में मायावती रैली करके चुनाव प्रचार करेंगी।

कांग्रेस का नारा.. 'रोटी कपड़ा और मकान सारा धन अपने नाम': ज्योतिरादित्य सिंधिया

- 3000 कार्यकर्ताओं से मिले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

गुना। लोकसभा चुनाव के प्रचार में जोर-शोर से उतरे केंद्रीय मंत्री और गुना लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया 3 अप्रैल को कोलारस विधानसभा पहुंचे। यहां उन्होंने 3 मंडल- कोलारस, खरई और लुकवासा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की.

इस बैठक में 150 पोलिंग बूथ के करीब 3 हजार सदस्य मौजूद थे। पोलिंग बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान उनका नया अंदाज सामने आया. बैठक में उन्होंने सभी को 7 प्रमुख बिंदुओं पर काम करने का निर्देश दिया. उन्होंने बोला की लाभार्थियों से जुड़ना है, अपने अंदर जीत की भूख पैदा करनी है, हर बूथ पर 370 वोट की बढ़ोतरी करनी है और मतदाताओं से मजबूत संबंध बनाने हैं। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आप सब ने बहुत मेहनत की है. पर, वो कहते हैं न कि 'ये तो बस अंगड़ाई है, असली लड़ाई अभी बाकी है.' इसीलिए आपको अपनी मेहनत को बनाए रखना है।

बीजेपी को वोट देकर देश को मजबूत बनाएं : सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस का नारा था, रोटी कपड़ा और मकान पर इसका असली मतलब था। रोटी, कपड़ा और मकान, सारा धन अपने नाम। उनके इस अंदाज से कार्यकर्ता गदगद हो गए। चारों ओर पार्टी के जयकारे गूंज उठे।

यह धर्म की अधर्म पर विजय की है लड़ाई

एक तरफ मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में बात की, तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, कांग्रेस आज राम लीला मैदान में रैली कर रही है. यही कांग्रेस राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुई. कांग्रेस के एक सदस्य के नाम में भी सीता राम है, पर वो भी प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए। इसलिए यह सत्य की असत्य पर विजय और धर्म की अधर्म पर जीत की लड़ाई है।

जमीन पर लालू को घेर रहे राजीव प्रताप रूड़ी

पटना/सारण। बिहार के लोकसभा चुनाव में सारण सीट सबसे हॉट सीट बना हुआ है. सारण पर एक तरफ राजीव प्रताप रूड़ी बीजेपी के उम्मीदवार है तो दूसरी तरफ लालू की बेटी रोहिणी आचार्य मैदान में हैं. कहने को तो रोहिणी आचार्य चुनावी मैदान में है पर सारण के मैदान में लालू और रूड़ी आमने सामने दिखाई पड़ रहे हैं. रोहिणी जहां जन सभाएं और रोड शो के जरिए लोगों तक अपनी बात पहुचा रही है, पर रूड़ी ने अबतक रोहिणी पर सीधा हमला के बजाए लालू पर सवाल खड़े कर बाजी लड़ने में लगे हैं.

सारण के रण में रोहिणी आचार्य से सामना

रूड़ी रोहिणी के बजाए लालू पर साध रहे निशाना- लोकसभा चुनावी संग्राम में सारण के मैदान में रूड़ी रोहिणी आचार्य पर सीधे हमले के बजाए लालू पर निशाना साध रहे हैं और राजद के पिछले 15 साल के शासन को बता रहे हैं. राजीव प्रताप रूड़ी ने लालू पर बाद सवाल खड़ा करते हुए कहा की सारण के औद्योगिक बदहाली के लिए लालू यादव को जिम्मेवार ठहराया है. मढ़ौरा की बंद चीनी मिलों पर सवालों के घेरे में आए राजीव प्रताप रूड़ी ने पलटवार करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री रहते लालू यादव ने इन मिलों को बंद करवाया था. उन्होंने कहा कि छपरा हाजीपुर फोरलेन सड़क निर्माण में देरी के लिए भी लालू यादव ही जिम्मेवार है क्योंकि उन्होंने एलाइनमेंट बदलकर सड़क के काम को प्रभावित किया।

आचार्य का मैराथन दौरा

लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत सरल लोकसभा के इस सीट से की है, जहां उनके पिता लालू प्रसाद यादव ने पार्लियामेंट में जाने का जगह चुना था. सोनपुर के हरिहरनाथ मंदिर से के बाद शुरू की राजनीतिक यात्रा में रोहिणी हर दिन मैराथन बैठक और रोड शो कर रही हैं. हर जगह पार्टी के काम तेजस्वी यादव के डिप्टी सीएम रहते नौकरी और लालू यादव के कामों को सामने रखते हुए जनता से वोट देने की अपील कर रही हैं. दूसरी ओर राजीव प्रताप रूड़ी ने केंद्र के साथ खुद के द्वारा क्षेत्र में करवाए गए पिछले 15 सालों के कामों को सामने रखकर जनता से एक बार फिर जीत का आशीर्वाद रहे हैं।

राजद का रूड़ी पर पलटवार

सारण लोकसभा सीट पर चल रहे घमासान के बीच राजीव प्रताप रूड़ी के उठाए गए सवालों का राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने पलटवार करते हुए कटघरे में खड़ा किया है. एजाज अहमद ने कहा कि राजीव प्रताप रूड़ी पिछले 15 सालों से सारण के सांसद हैं. केंद्र में एनडीए शासन में है और बिहार में डबल इंजन की सरकार है, बावजूद कारखाना आखिर क्यों नहीं शुरू हुआ? लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते हुए मथुरा में रेल पहिया का कारखाना खुलवाया.

न्यूज गैलरी

महाराष्ट्र मंडल के एसडीवी में शिशु आधार पंजीयन शिविर आज

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल (एसडीवी) परिसर में गुरुवार को सुबह 10 बजे से शिशु आधार पंजीयन शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीयन किए जाएंगे। एसडीवी के सह प्रभारी पारितोष डोनगांवकर ने बताया कि शिविर चार अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लगेगा। आधार पंजीयन करने के लिए शिशुओं का जन्म प्रमाणपत्र लाना अतिआवश्यक है। इसके अलावा शिशु के माता-पिता में से किसी भी एक का आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा। इस शिविर के माध्यम से अपने बच्चों का आधार पंजीयन करवा कर अभिभावक शासन की योजना का लाभ ले सकते हैं।

ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी के नाम से साइबर ठगी की कोशिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला की फोटो का इस्तेमाल कर साइबर ठगी का प्रयास किया जा रहा है। अज्ञात व्यक्ति व्दारा सोशल मीडिया में श्री शुक्ला की प्रोफाइल फोटो (डीपी) लगाकर उनसे संबंधित लोगों को वाट्सएप पर फर्जी मैसेज भेजकर ठगी करने की कोशिश की जा रही है। उनके सभी संपर्क में रहने वाले लोगों को फर्जी मैसेज भेजे जा रहे हैं। श्री शुक्ला ने लोगों को जागरूक करने के लिए मैसेज भेजकर कहा है कि 9913599513 मोबाइल नंबर से लोगों को भेजे जा रहे मैसेज फर्जी हैं। इस नंबर या और अन्य किसी भी नंबर से मैसेज प्राप्त हो तो उसमें प्रतिक्रिया ना दें। ऐसे फर्जी व्यक्तियों से सावधान रहे अन्यथा धोखाधड़ी हो सकती है। इस संबंध में साइबर पुलिस को भी समुचित कार्रवाई करने के लिए सूचित किया गया है।

डॉ. अंकुर सिंघल ने रामकृष्ण केयर अस्पताल में किया 45 BMI वाले मरीज का जोड़ प्रत्यारोपण

रायपुर/नवप्रदेश। अभी हाल ही में शहर के जाने-माने रामकृष्ण केयर अस्पताल के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल ने मिनीमम कट तकनीक द्वारा 45 BMI वाले मरीज का सफ्ल नी रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) परफॉर्म किया। इस सर्जरी की खास बात यह थी मरीज का वजन 100 कि.ग्रा. था और BASAL METABOLIC INDEX (BMI) 45 और वह मोटापे की Morbid Obesity कैटेगरी में आता था। ज्यादा वजनी का ऑपरेशन ना सिर्फ कठिन होता है इसमें, इंफेक्शन की संभावनाएं अधिक होती है। डॉ. अंकुर सिंघल, एमएस ऑर्थो (मुंबई) एफ्जेआरएस (यूके) एफ्आरजेएस (यूएस) वरिष्ठ ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. सिंघल ने यह ऑपरेशन अपनी इनोवेटिव मिनिमम कट तकनीक (MCT) से किया है। जिसकी वजह से मरीज का ना सिर्फ जोड़ ठीक किया गया, उनका पैरों के टेढ़ेपन को भी ठीक किया गया।

आज मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य है एवं अपनी सामान्य जीवन-यापन कर रहा है तथा उसका घुटना पूरी तरह ठीक हो गया है। डॉ. सिंघल ने बताया कि अधिक BMI वाले मरीज का नी रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) एक अपने आप में जटिल क्रिया है लेकिन इस अद्भूत मिनीमम कट तकनीक (MCT) द्वारा क्षतिग्रस्त जोड़ को भी फ्रि से ठीक किया जाता है।

डॉ. सिंघल ने इस सर्जरी के लिये विदेश जैसे इग्लैण्ड एवं अमेरिका में ट्रेनिंग लिया है। डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि मरीजों में उनके द्वारा इज़ात की हुई इस मिनिमम कट तकनीक (MCT) से 7000 से भी ज्यादा सफ्ल जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी की है। इस तकनीक से मरीजों की रिकवरी फास्ट होती है और जटिल से जटिल सर्जरी आसानी से की जा सकती है। इस तकनीक से मरीज न सिर्फ केवल कुछ घंटें बाद चल सकता है बल्कि अपनी सामान्य जीवन में तेजी से वापस लौट सकता है।

शपथ दिलाकर की गई वोट डालने की अपील

- कलेक्टर डॉ सिंह की अगुवाई में निकली जागरूकता रैली
- कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश हेमंत श्राफ ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में आज मतदाता जागरूकता की रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से निकल कर व्हया शंकरनगर, टर्निंग पॉइंट, खम्हारडीह थाना चौक, अवन्तिबाई चौक, मत्स्य आउटलेट पॉइंट, तेलीबांधा रविग्राम चौक होते हुए तेलीबांधा तालाब पर समाप्त हुई। बाइक रैली को कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश श्री हेमंत श्राफ ने हरी झंडी दिखाई।तेलीबांधा तालाब में कलेक्टर डॉ.सिंह नागरिकों को शपथ दिलाकर सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की त्योहार में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। मतदान हम सभी का अधिकार है जिसपर मतदाताओं की बड़ी भूमिका होती है। कलेक्टर ने कहा कि रायपुर लोकसभा के लिए 7 मई को मतदान की तिथि घोषित की गई है। अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान करने के साथ अपने परिवारजनों के अलावा आस पड़ोस के लोगो को भी मतदान के लिए प्रेरित करें । कार्यक्रम दौरान प्रसिद्ध कवि श्री अभय निर्भीक द्वारा भारत यात्रा पर काव्य पाठ कर देश प्रेम को जीवंत करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व का मान जरूरी है, सौ प्रतिशत मतदाता का मतदान जरूरी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए समय-समय पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और जिला प्रशासन की टीम कलेक्ट्रेट से मतदाता जागरूकता की तख्ती लेकर बाइक से निकली। रैली राइडर्स पीछे एक साथी तख्ती लेकर निकले जिसपर वोट की ताकत, पहचानो मतदाता, मजबूत प्रजातंत्र से इसका नाता, हमारा आह्वान, करें मतदान, बनें महान जैसे कई संदेश मतदाता जागरूक के दिए गए।तेलीबांधा तालाब में कलेक्टर ने बाइक रैली में शामिल राइडर्स के अलावा गणमान्य नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता के तहत ए आई जी श्री संजय शर्मा की टीम के द्वारा जुंबा और नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाता जागरूकता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

तेलीबांधा तालाब में कार्यक्रम पश्चात मतदाता जागरूकता के तहत किया स्वीप वॉक

कार्यक्रम के पश्चात तेलीबांधा तालाब में मतदाता जागरूकता के तहत किया स्वीप वॉक जिसमे सभी अधिकारी कर्मचारी साथ चलें। वाक का अगुवाई नन्ही बच्ची कुमारी ओजस्वी त्यागी ने की। जुंबा टीम में भी ओजस्वी की माँ श्रीमती अल्का त्यागी एवं पिता श्री लव त्यागी ने भी नुक्कड़ माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश दिए।

मतदान केंद्रों और मतदान संबंधी दी गई जानकारी

- रायपुर पश्चिम विस के सहायक रिटर्निंग अधिकारी ठाकुर ने ली बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार रायपुर नगर पश्चिम विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री नवीन कुमार ठाकुर ने सेक्टर अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर की संयुक्त बैठक ली। श्री ठाकुर ने बैठक में दिव्यांग मतदाता और 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर से मतदान करने के संबंध में जानकारी दी। इसके लिए सूची समय सीमा के भीतर बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही वोटर हेल्पलाइन के संबंधी में जानकारी दी गई। सरकारी कर्मचारी को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई और मतदान केंद्र का पुनः निरीक्षण कर आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर श्री राकेश देवांगन और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

राज्यपाल हरिचंदन से आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के कुलपति ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने सौजन्य मुलाकात की।

छग की कला-संस्कृति से संबंधित पुस्तके भेंट की गई

राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में जय जोहार साहित्य संस्कृति संस्थान रायपुर की अध्यक्ष डॉ. सीमा निगम ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति से संबंधित स्वरचित पुस्तके भेंट की। उनके साथ श्रीमती रश्मि लता मिश्रा भी उपस्थित थीं।

एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक ने की सौजन्य भेंट

राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में एसबीआई रायपुर के सहायक महाप्रबंधक अजय पांडा एवं विजय बक्शी ने सौजन्य मुलाकात की।

गृह मंत्री शर्मा की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ता कर रहे नेता प्रतिपक्ष के बंगले पर हमला : धनंजय सिंह

- गृह मंत्री के हाथ में प्रदेश की कानून व्यवस्था उन्हीं के मौजूदगी में भाजपा के कार्यकर्ता कानून तोड़ रहे

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा का यह कैसा विरोध प्रदर्शन है नेता प्रतिपक्ष के बंगले के दरवाजा को तोड़कर भाजपा कार्यकर्ता घुसने की कोशिश कर रहे थे।

गृह मंत्री विजय शर्मा भीड़ का नेतृत्व करते है और भीड़ नेता प्रतिपक्ष के बंगला में तोड़-फोड़ की कोशिश करती है और पुलिस दबाव में मूकदर्शक बने रहती है। गृह मंत्री के हाथ में तो प्रदेश की कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी होती है हर नागरिक की जान माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी है और उन्हीं के मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ता कानून तोड़ रहे थे। प्रदेश में संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। गृह मंत्री विजय शर्मा ने जो संविधान की शपथ ली है उस प्रतिज्ञा को भी तार-तार किया है और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तत्काल विजय शर्मा को गृह मंत्री के पद से हटाये।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत एवं उनकी पत्नी कोरबा से सांसद एवं वर्तमान में लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के खिलाफ भाजपा संगठित होकर सोशल मीडिया और सड़क पर दुष्प्रचार कर रहे हैं। भाजपा कोरबा लोकसभा सीट पर चुनाव हार रही है भाजपा की बौखलाहट बता रही है। भाजपा के पास मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धि के नाम से झूठ जुमला के अलावा कुछ नहीं है। इसलिए भाजपा अपनी आदत के अनुसार नफ्रत फैलाकर जनता का ध्यान भटकना चाहती है लेकिन जनता समझदार है भाजपा के इस नफ्रत की राजनीति का मुंहतोड़ जवाब जनता देगी।

भाजपा लोकसभा में अपनी जवाबदेही से बचने के लिए डॉ महंत को घेरने का कुंठित प्रयास कर रही है : घनश्याम राजू तिवारी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, भाजपा द्वारा नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत जी के विशुद्ध छत्तीसगढिया वाक्यों के बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रवक्ता तिवारी ने कहा कि, नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत के बयान को तोड़-मरोडक़र प्रचारित-प्रसारित किया गया है, जिन लोगो को छत्तीसगढ़ की रीति-नीति, संस्कृति व मुहावरो का ज्ञान नहीं है, वह उनके सरल सहज व विशुद्ध छत्तीसगढिया वाक्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत कर छवि धूमिल करने का कुंठित प्रयास कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी 10 सल के जुमलों और वादा खिलाफी से बचने अर्नगल प्रलाप कर रही है। भाजपा के इस प्रकार षड्यंत्र को जनता भली भांति समझ चुकी है। वरिष्ठ प्रवक्ता तिवारी ने कहा कि, भाजपा प्रभारी नितिन नवीन ने भूपेश सरकार में छत्तीसगढ़ महतारी के सम्मान में हर सरकारी दफ्तर मुख्य चौराहो पर मूर्ती स्थापना के आदेश पर विवादित बयान देकर छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान किया है, उन्हें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज का ज्ञान नही है, वे छत्तीसगढ़ी मुहावरे, हाना को क्या समझेंगे। वरिष्ठ प्रवक्ता तिवारी ने कहा कि, गृहमंत्री विजय शर्मा उनके निर्वाचन क्षेत्र कवर्धा में घट रही हत्या, बलात्कार की घटना या अन्य आपराधिक घटनाओं को रोक पाने या न्याय दिला पाने में तो पूरी तरह विफ्ल है, प्रदेश अपराधियों का गढ़ बन चुका है अपने विभाग की जिम्मेदारियां में पूरी तरह फेल हो चुके हैं, अच्छा होंगे अपने नैतिक जिम्मेदारी पर चिंतन करें।

तलवार लहराकर आतंक फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

रायपुर/कोरबा। करतला पुलिस ने नवाडीह निवासी बुधराम जाहिरे के द्वारा अपने गांव के गली में लोहे के कत्ता नुमा तलवार को लहराकर लोगों को डराने के मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। एसपी कोरबा के दिशा-निर्देश, अति पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान (रापुसे) एवं एसडीओपी बी. मिंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करतला आशीष कुमार सिंह ने अपने अधिनस्थ प्रआर पदमन सिंह तथा स्टाफ को त्वरित एक्शन मोड में लाते हुए ग्राम नवाहीह रवाना किया।

स्वदेशी खादी महोत्सव 15 अप्रैल तक सजी पुनः छत्तीसगढ़ हॉट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाट पंडरी में इन दिनों पुनः शिल्पियों एवम बुनकरों द्वारा ' स्वदेशी खादी महोत्सव प्रदर्शनी/बिक्री' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग प्रांतों के अलग-अलग किस्म के मटेरियल के साथ साथ विभीन्न प्रकार सिल्क मटेरियल एवम कपड़े ड्रेस मटेरियल ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे ।

इस खड़ी महोत्सव प्रदर्शनी में कश्मीरी सिल्क, मलवरी सिल्क ,बनारसी सिल्क, मणिपुरी सिल्क पशमीना सिल्क- साड़ी भागलपुरी सिल्क ,कोसा सिल्क सहित सैकड़ों अन्य घरेलू उपयोगिता की वस्तुओं से छत्तीसगढ़ हाट एक बार पुनः सज गया है। प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक नया कलेक्शन तकरीबन 70000 व्हेराइरियों का संग्रह है। इसके साथ ही साथ घरेलू उपयोगिता के आधार पर और भी बहुत सारी वस्तुओं का समावेश किया गया है प्रदर्शनी में हैंडलूम सिल्क एवं कॉटन वस्तुओं पर 10 प्रतिशत से लेकर के 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है या प्रदर्शनी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक रायपुर छत्तीसगढ़ हाट बाजार पंडरी में रहेगी प्रदर्शनी में क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा सभी स्टालों पर उपलब्ध है।

एसआरयू में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर एवं श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के सयुंक्त तत्वाधान से विधि विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्येश नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में संवैधानिक सर्वोच्चता के महत्व को स्पष्ट करना, संवैधानिक अधिकारों के प्रभावी प्रवर्तन के लिए तंत्र का पता लगाना और छात्रों के बीच नागरिक और व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के लिए जागरूकता और वकालत को बढ़ावा देना÷ था।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर विधि विभाग की एचओडी डॉ.श्रद्धा पांडे के स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रारंभ हुई। मंचासीन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह, कुलसचिव डॉ.सौरभ कुमार शर्मा और मुख्य वक्ता प्रवीण मिश्रा, माननीय वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर ने अपने विचार व्यक्त किये । मुख्य भाषण प्रवीण मिश्रा वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सहायता सेवा, रायपुर द्वारा दिया गया। उन्होंने अपना अनुभव साझा किया और संविधान की सर्वोच्चता, न्यायपालिका की सर्वोच्चता और अधिकार और कर्तव्यों के कार्यान्वयन के बारे में बात की। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों से भी बातचीत की। माननीय कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह ने समाज के प्रति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रविशंकर जी महाराज के शिक्षा के माध्यम से सेवा का दृष्टिकोण देना और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए भी अपने विचार व्यक्त किये। रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने महात्मा बुद्ध के उदाहरण के माध्यम से उच्च नैतिक मूल्यों के बारे में बताया और छात्रों को राष्ट्र और समाज के प्रति मौलिक कर्तव्यों की सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है की प्रवीण मिश्रा वरिष्ठ न्यायाधीश एवं सचिव, जिला कानूनी सहायता सेवा, रायपुर और आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में डीएलएसए के कानूनी सलाहकार/पैरा लीगल स्वयंसेवक ने स्कूल ऑफलॉ के 100 से अधिक छात्रों को इंटर्नशिप प्राप्त हुई है , जिसके लिए स्कूल ऑफ लॉ, रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने डीएलएसए, रायपुर के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। सहायक प्रोफेसर अभिषेक कुमार मिश्रा ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह, प्रसादी और शॉल, फ्ल द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सहायक प्रोफेसर रेवती रमण चन्द्र द्वारा किया गया एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक कुमार मिश्रा ने दिया ।सी.एल.पटेल प्रिंसिपल स्कूल ऑफलॉ, संतोषी साहू सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफलॉ, अंकिता ठाकुर सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफ लॉ और शालिनी कुर्मी सहायक प्रोफेसर, स्कूल ऑफलॉ भी उपस्थित थे।

भाजपा की नई शराब नीति से महिलाएं चिंतित : वंदना राजपूत



रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने भाजपा सरकार के नई शराब नीति पर जमकर हमला करते हुए कहा कि हवाई अड्डा में भी शराब का अड्डा बनाने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार का सिर्फ एक ही लक्ष्य है कि शराब की बिक्री ज्यादा से ज्यादा करना और 2024-25 में करीब 11000 करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त करना। पूर्ववर्ती भाजपा के 15 साल के सरकार में जो दौर था वही फ्रि से वापस आ रहा है, छत्तीसगढ़ के भोली भाली जनता को नशा के गर्त में धकेलने का पूरा इंतजाम किया जा रहा है राज्य सरकार के द्वारा। अब भारतीय जनता पार्टी के नेत्रियों को महिलाओं की फ्रिक नहीं हो रही है शराब से महिलाओं पर कितना अत्याचार, अनाचार, बलात्कार होते हैं अब इसकी चिंता नहीं हो रही है, पति शराब पीकर पत्नी, बच्चों को मारते पीटते और शराब के कारण पूरा घर बर्बाद हो जाए अब इसकी चिंता भारतीय जनता पार्टी की नेत्रियों को नहीं है। भाजपा के नेताओं को गिरगिट की तरह रंग बदलने की कला खूब आती है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला हितैषी कभी नहीं रही है यदि महिलाओं और उसके परिवार की फ्रिक होती तो अधिक से अधिक शराब बेचकर अपनी जेब भरने की बात कभी नहीं करती। भारतीय जनता पार्टी यदि जनता को ?5 देती है तो जनता की जेब से ?20 निकाल लेती है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 5 साल में शराबबंदी को लेकर जो तत्परता से कार्य किए हैं जिनके कारण 100 शराब की दुकानें बंद हुई, बार बंद हुए, शराबबंदी को लेकर लगातार सामाजिक जागरूकता फैलाने में राज्य सरकार को बहुत ही सफ्लता मिली थी लेकिन वर्तमान में फ्रि से भाजपा की सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मेहनत को पानी फेर रहा है।

सुविचार

वक्त सबसे बड़ा गुरु है। वह सब सीखा देता है। अपनों के साथ जीना भी और अपनों के बिना रहना भी। - अज्ञात

संपादकीय

क्या भ्रष्टाचार बनेगा चुनावी मुद्दा

आमतौर पर यह देखा गया है कि राजनीतिक पार्टियों के नेता एक दूसरे पर भ्रष्टाचार का आरोप प्रत्यारोप जरूर लगाते हैं। लेकिन चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार को चुनावी मुद्‌दा बनाने से कतराते हैं। दरअसल आम जनता ने भी यह मान लिया है कि भ्रष्टाचार जिसे अब भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों ने शिष्टाचार का रूप दे दिया है। वह चुनावी मुद्दा नहीं बन सकता। यही वजह है कि पिछले तमाम चुनावों के दौरान भ्रष्टाचार चुनाव का मुद्दा नहीं बन पाया था। यह पहली बार हो रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस लोकसभा चुनाव में परिवारवाद के साथ ही भ्रष्टाचार को भी प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाते नजर आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक जितनी रैलियां की हैं। उसमें उन्होंने परिवारवाद और परिवारवादी पार्टियों के नेताओं के भ्रष्टाचार को लेकर तीखा हमला किया है। उनका कहना है कि वे भ्रष्टाचारियों को छोड़ेंगे नहीं गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी ने न खाऊंगा न खाने दूंगा का नारा दिया था। और अब वे एक कदम आगे बढ़कर यह कह रहे हैं कि जिन्होंने देश को लूटा है उन्हें लौटाना पड़ेगा। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे आईएनडीआईए में शामिल विपक्षी पार्टियों के नेताओं के खिलाफ आयकर विभाग, सीबीआई और ईडी जैसी केन्द्रीय जांच एजेंसियों में अपनी कार्यवाही तेज कर दी है। हाल ही में नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाना पड़ा है। इसके पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जा चुके हैं। कुछ अन्य विपक्षी नेताओं पर भी खतरा मंडरा रहा है। केन्द्रीय एजेंसियों की सक्रियता को लेकर आईनडीआईए के नेता केन्द्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। वे सरकार पर राजनीतिक बदले की भावना से केन्द्रीय एजेंसियों कें दुरुपयोग का आरोप लगा रहे हैं। यहां तक कि पीएम मोदी को तानाशाह बता रहे हैं। इन तमाम आरोपों और अलोचना की पीएम मोदी कोई परवाह नहीं कर रहे हैं। वे अपनी हर चुनावी सभाओं में यही एक बात बार बार पर दोहरा रहे हैं कि वे किसी भी भ्रष्टाचारी को नहीं बख्शेंगे। पीएम मोदी जिस तरह भ्रष्टाचार को लेकर लगातार बयान दे रहे हैं। उसे देखते हुए तो यही लगता है कि वे इस लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने का मन बना चुके हैं। देखना यह होगा कि क्या इस बार भ्रष्टाचार प्रमुख चुनावी मुद्‌दा बन पाता है या नहीं। इसमें कोई दो मत नहीं की भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश की अर्थव्यवस्था को खोखला करता रहा है। और पीएम मोदी के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार ने अपने एक दशक के कार्यकाल में भ्रष्टाचार की जड़ में प्रहार करने में कोई कोताही नहीं की है। किन्तु भ्रष्टाचार को लेकर अभी भी यह संदेह यह है कि यह चुनावी मुद्दा बन पाता है या नहीं। बहरहाल यह देश के हित में ही है कि पहली बार भ्रष्टाचार को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने की ईमानदारी से कोशिश की जा रही है।

स्कूलों के समय में बदलाव की जरूरत

स्कूली परीक्षाएं खत्म होने के बाद विद्यार्थियों की परीक्षा के नतीजे घोषित हो गए हैं। इसी के साथ सरकारी और निजी स्कूलों में नया शिक्षण-सत्र भी शुरू हो गया है। अप्रैल माह के अंत तक स्कूली कक्षाएं चलेंगी। उसके बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाएगा। इस बार अप्रैल माह की शुरूआत के साथ ही छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ने लगी है। दिन प्रतिदिन तापमान में वृद्धि होती जा रही है। ऐसी स्थिति में दोपहर बाद तक चलने वाली कक्षाओं में विद्यार्थियों को भारी गर्मी के कारण पढ़ाई में न सिर्फ दिक्कतें आ रही है बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिन स्कूलों में सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक ही पाली में पढ़ाई होती है उन बच्चों को तो फिर भी कम असुविधा हो रही है। लेकिन जहां सुबह 9 या 10 बजे से लेकर 1:30, 2 बजे तक पढ़ाई करायी जा रही है। उन बच्चों का तो इस भारी गर्मी में हाल बेहाल हो रहा है और कई छोटे बच्चे तो बीमार भी पड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में तापमान में और ज्यादा वृद्धि होने की संभावनाएं मौसम विभाग ने व्यक्त की हैं। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग को चाहिए की वह नए शिक्षण-सत्र में 15-20 दिनों तक जो कक्षाएं चलने वाली हैं। उसके समय में बदलाव करें। यह नियम सभी सरकारी और निजी स्कूलों पर अनिवार्य रूप से लागू हों। बेहतर होगा कि सभी स्कूलों में सुबह 7 बजे से 12 बजे तक एक ही पाली में कक्षाएं लगाई जाएं। ताकि छात्र छात्राओं को इस प्रचंड गर्मी में पढ़ाई के नाम पर असुविधा न हो और उनके स्वास्थ्य पर भी कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। गौरतलब है कि सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा लगने का अलग अलग समय रहता है। किसी स्कूल में सुबह 7 बजे से कक्षाएं लगती हैं तो किसी निजी स्कूल में सुबह 8 बजे से तो कहीं सुबह 9 बजे से कक्षा शुरू होती हैं। उसी हिसाब से दोपहर 12 बजे से लेकर 2 बजे तक कक्षाएं चलती हैं। इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन गर्मी को देखते हुए इस समय में बदलाव की सख्त जरूरत है। इस बारे में एक छात्र संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने स्कूली शिक्षा विभाग को एक ज्ञापन सौंप कर भीषण गर्मी के मद्देनजर शालाओं के समय में बदलाव करने की पुरजोर मांग की है। इस पर स्कूली शिक्षा विभाग को सहानुभूति पूर्वक विचार कर उचित निर्णय लेना चाहिए।

रमेश सर्राफ धमोरा

गरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें। हम सभी जानते हैं कि एक लड़की समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वह एक मा, एक बेटी, एक पत्नी इस तरह कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती है। उसे घर की शांति बनाए रखने वाली स्तंभ माना जाता है और फिर भी उसका अपमान किया जाता है।

बेटियों को भी मिले उचित समान

आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियाँ अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।

बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं।

चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये। बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है।

समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

आज का इतिहास

1716 में आज ही के दिन उत्तरी जर्मनी के विस्मार पर रूस और प्रशिया की सेनाओं ने कब्जा किया था। 1818 में 4 अप्रैल के दिन ही अमेरिकी कांग्रेस ने राष्ट्रध्वज में '13 लाल और सफेद स्ट्रिप्स और 20 सितारे' शामिल करने को मंजूरी दी थी। 1916 में आज ही के दिन अमेरिकन सीनेट ने प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लेने को मंजूरी दी थी। 1941 में 4 अप्रैल के दिन ही लीबिया के बेनगाजी शहर पर जर्मनी की सेना ने कब्जा किया था। 1949 में आज ही के दिन उत्तरी अटलांटिक सैन्य संगठन की स्थापना हुई थी। 1960 में 4 अप्रैल के दिन ही अफ्रीकी देश सेनेगल ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल करने की घोषणा की थी। 1968 में आज ही के दिन अमेरिका के मानवाधिकार कार्यकर्ता मार्टिन लूथर किंग की हत्या कर दी गई थी।1975 में आज ही के दिन बिल गेट्स और पॉल एलन के बीच हुए समझौते के फलस्वरूप माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना हुई थी। 1979 में 4 अप्रैल के दिन ही पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी की सजा दे दी गई थी। 1997 में 4 अप्रैल के दिन ही क्रयशक्ति की क्षमता की दृष्टि से विश्व बैंक ने भारत को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश घोषित किया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

स्त्री जब हँसती है

स्त्री जब हँसती है तब पुरुष सोचता है कि स्त्री, उसके लिए हँसती है उससे प्रेम पाने के लिए हँसती है नहीं, बिल्कुल नहीं स्त्री जब हँसती है तो वह अपनी हँसी को जीती है हँसी में खोजती है खुद को स्त्री जब हँसती है तो सिर्फ वह हँसती है अपने लिए।

-कल्पना मनोरमा

भारत की वर्तमान व्यवस्था

भारत की वर्तमान व्यवस्था हो गई है बहुत निराशाजनक, सारी शक्ति ऊपर बैठे चंद हाथों में रह गई है सिमट कर। नीचे बैठे लोग अक्सर होते रहते हैं शिकार ज्यादती के और कुछ नहीं कर पाकर रह जाते हैं मन मसोस कर। होगा ऐसा आखिर कब तक ?

-अरपित अनाम

खास पाती | कहते हैं पुरुषों के हिस्सें, कई माएँ आती हैं

कहते हैं पुरुषों के हिस्सें, कई माएँ आती हैं। माँ तो होतीं हीं हैं, बहनें भी माँ बन जाया करतीं हैं। विवाह के बाद, पत्नी भी माँ सा दुलार रखती हैं। बड़ी होतीं बेटियाँ भी अक्सर, पिता से माँ का स्नेह जताती हैं। लेकिन स्त्रियों के हिस्सें, बस एक बार हीं माँ आती हैं। उसका भी एक समय सीमा होता है, मायके के दहलीज लांघते हीं, ये माँ भी अक्सर पीछे छुट जातीं हैं। उसके बाद उस स्त्री से जीवनभर, कोई माँ सा लाड़ नहीं जताता। इसतरह माँ के प्यार से, वंचित रहती हैं स्त्रियाँ ता उम्र....

-मोनिका आदया

केजरीवाल ने पहले कांग्रेस का वोट में कब्जा किया

केजरीवाल ने पहले कांग्रेस का वोट मे कब्जा किया। फिर उनके राज्य में उनके विचारधारा को हथिया लिया एन चुनाव में ज्रत्रक्क पर कब्जा कर लिया । फिर कह रहे है ये पिछले जन्म में स्वतंत्रता सेनानी थे मतलब कांग्रेस का देश को स्वतंत्रता का श्रेय भी ये ले गये ! इधर कांग्रेसी पूरे शिद्दत से रफूगरी मे जुटे है आप पार्टी के

-अंबर दानी

खत्म होती जा रही संवेदनाएं

खत्म होती जा रही संवेदनाएं। टीसती है अनकही मेरी व्यथाएं।। चीखती खामोशियां हैं मूक होकर। बादलों में छिप गई हैं गर्जनाएं।। नस्तरों से दोस्ती भाने लगी है। कातिलों को दे रही खुद ही सदाएं।। चांदनी भी राह भूली प्रेम वाला। है तलाशती आज वो संभावनाएं।। साहिलों पर घर बनाती जा रही वो। जानती है रेत की झूठी वफाएं।।

- रजनी रामदेव

तुमसे मिलने पर मेरे पास शायद कई प्रश्न

तुमसे मिलने पर मेरे पास शायद कई प्रश्न हो कि, आखिरी बार कब मन किया था काजल लगाने का कब जुल्फो के कस निकाले था कब लिपिस्टिक को होठ से होठ पर फैलाया था और कब साड़ी का पल्लू दुरुस्त करते करते फैला कर ही छोड़ दिया था। या हो सकता है मेरे पास सिर्फ एक ही प्रश्न की तुम आखिरी बार कब मुस्कुराई थी। वैसे कुछ सवालों के जवाब पता होते है, उन्हे भी पूछना कोरा शिष्टाचार होता है खैर तुम्हारी एक मुस्कुराहट मेरे पास रखी हुई है, जब वक्त लगे तब ले जाना

- कुलदीप वर्मा

हर मोड़ है लुभावना जरा रूकना पड़ता है

हर मोड़ है लुभावना जरा रूकना पड़ता है है मुसाफ़िर आदमी यह कहना पड़ता है बेखुदी में साथी अब होश की क्या बात नक्शे कदम दुनिया के चलना पड़ता है ये आँखें क्यूं देखती है खवाब कोई इकहरा जब दिले-जरब लेकर चलना पड़ता है

- सपना चन्द्रा

एक ही मुद्दे पे दोनों का नज़रिया और है

एक ही मुद्दे पे दोनों का नज़रिया और है आप का कुछ और है मेरा नज़रिया और है पाप क्या है, पुण्य क्या है, बहस मत मुझ से करो धर्म के बारे में भी मेरा नज़रिया और है फ़र्क होता है नज़र में और नज़रिए में जनाब आंख की दृष्टि अलग इसका नज़रिया और है आज तक भी दो बदन हैं एक बिस्तर पर मगर एक दूजे के लिए उन का नज़रिया और है

- अजय अज्ञात

प्रेरक प्रसंग

आत्माभिमान

राजा मानसिंह तोमर ने कुमारी मृगनयनी की असाधारण वीरता तथा पराक्रम से प्रभावित होकर उससे प्रणय याचना की। वह एक गरीब किसान की कन्या थी। भाई था केवट अटल। विवाह संस्कार कहाँ हो, यह समस्या थी। राजा मानसिंह का कहना था कि आप सब ग्वालियर चलें, वहीं संस्कार हो जाएगा। किंतु कन्या के भाई अटल का स्वाभिमान सजग था। वह बोला- आप सर्व शक्तिमान् हैं महाराज ! किंतु हमारी परंपरा यही है कि पाणिग्रहण संस्कार कन्या के पिता के घर पर ही संपन्न होता आया है। आपके सामने हम कुछ भी नहीं। फिर भी जो कुछ फूलपत्ती बनेगी-उसके साथ हम अपने घर से ही बहन को विदा करेंगे। मानसिंह अटल के इस स्वाभिमान से बहुत प्रसन्न हुए और बारात लेकर ग्वालियर से गए। तब दहेज स्वरूप एक गाय देकर अटल ने अपनी बहन को विदा किया। बाद में भी राजा की ओर से कोई पद या सहायता उसने स्वीकार नहीं की। ऐसा था इस भारत के गरीब कृषक का आत्मसम्मान।

बोधकथा

खुशी कैसे पायें

आश्रम में एक छात्र ने पूछा, 'गुरुवर क्या आसानी से खुशी पायी जा सकती है?' गुरुजी ने मुस्करा कर कहा, 'तुम्हारे प्रश्न का उत्तर मैं कल सुबह सभी विद्यार्थियों के समक्ष दूंगा.' दूसरे दिन सभी छात्र जब आ गये तो गुरुजी ने कहा, 'आज हम एक खेल खेलेंगे. बायीं तरफ स्थित कक्ष में कुछ पतंगें रखी हैं. उन पर आपके नाम लिखे हैं आपको उस कक्ष में जाकर अपने नाम की पतंग लानी है और इस प्रांगण में आकर उड़ाना है.' सभी छात्र कमरे में अपने नाम की पतंग को तलाशने में जुट गये. अफरातफरी में कोई भी अपनी पतंग को साबित नहीं पा पाया. छीना-झपटी में पतंगें फट गयीं. गुरुजी ने कहा, 'सभी अपनी नाकामी को भूलकर दायीं ओर स्थित कक्ष में जायें वहां भी आपके नाम लिखी पतंगें हैं. आपको किसीकी भी पतंग लाकर उड़ानी है.' सभी कुछ ही क्षणों में पतंगें लेकर प्रांगण में आ गये और खुशी से पतंग उड़ाने लगे. तब गुरुजी ने उस शिष्य को कहा, 'वत्स हम खुशी की तलाश इधर-उधर करते हैं जबकि हमारी खुशी दूसरों की खुशी में होती है.'

QUIZ TIME

1) दूसरी पीढ़ी के कम्प्यूटरों में कौन से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग किया गया था?

2) नासिक जिले में त्रिंबक पहाड़ियों से निकलने वाली कौनसी नदी है?

3) किसे मोलेसिस बेसिन भी कहा जाता है?

4) किस अधिवेशन में कांग्रेस नरम एवं गरम दल में विभाजित हो गई थी?

5) राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 में प्रथम पुरस्कार किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ट्रांजिस्टर (2) वैतरणा (3) मिजोरम (4) सूरत (5) यतिन भास्कर दुग्गल

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है।

वृष: आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाल है। आज आपका दिन दोस्तों और परिवार के साथ बीतेगा।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा हो सकता हैं। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों को निभाने का पूरा प्रयास करेंगे।

कर्क: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। किसी भी काम में फोकस रहना बहुत जरूरी है।

सिंह: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको कुछ ऐसा मिलेगा जिसकी आपको बहुत दिनों से ख्वाहिश थी।

कन्या: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी।

तुला: आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। छात्रों की आज पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी।

वृश्चिक: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे।

धनु: आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छाशक्ति की कमी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के प्रमोशन के अच्छे चांस मिलेंगे।

मकर: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज कोई शुभ समाचार आपको मिलेगा। जिससे पूरा दिन आप खुश रहेंगे।

कुंभ: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में कठोरता आ सकती है, दूसरों के प्रति स्नेह भाव बनाएं रखें।

मीन: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। अगर आज कोई विशेष निर्णय लेने जा रहे हैं तो उससे संबंधित पूरी जानकारी अवश्य हासिल कर लें, इससे आपको सफलता मिलेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -016

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

1	2	■	3		4	■	■	■
5				■	6		7	8
■		■	9			■	10	
■		■		■	11	12		
13				■	14		■	■
	■	■	■	■	■	15		16
	■	17		18			■	
19			■		■	■	20	
■	■	21					■	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 015 का हल

वा	स्ता	■	■	सि	स	की	■	■
जि	■	ल	प	ट	■	मा	चि	स
ब	द	ला	■	क	■	■	ल	■
■	■	ट	■	नी	ल	क	म	ल
ता	ली	■	का	■	की	■	■	हू
क	■	स	रो	का	र	■	■	लु
झां	■	ज	बा	न	■	म	सी	हा
क	च	ना	र	■	भा	यों	■	न
■	र्म	■	■	ज	र	दा	■	■

चुनाव : 550 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण

■ गायब रहने वालों को मिलेगा शोकाज नोटिस

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण 2 और 3 अप्रैल को शासकीय पंचम दीवान उ मा माध्यमिक शाला भाटापारा में आयोजित किया गया। सुश्री दीप्ति गौते अपर कलेक्टर बलोदा बाजार भाटापारा के विशेष मार्गदर्शन में प्रातः 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित मतदान प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाटापारा के विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया के संबंध में गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सीमा ठाकुर ने प्रशिक्षणरत शासकीय सेवकों को निर्वाचकीय कार्यों के संबंध में गंभीरता से सीखने के लिए प्रेरित किया।जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों ने विभिन्न सत्रों के दौरान निर्वाचन दल को सफलता पूर्वक चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए मतदान अधिकारी एक ,दो तीन और पीठासीन अधिकारी, मतदान दल की जिम्मेदारियां, ईवीएम मशीन के संचालन की प्रक्रिया आदि पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। आम चुनाव के लिए प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन 560 शास .सेवकों का प्रशिक्षण रखा गया था, जिसमें 10 कर्मी अनुपस्थित रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम भाटापारा नितिन तिवारी के दिशा निर्देश पर प्रशिक्षण स्थल पर शासकीय अमले के सुगम प्रशिक्षण हेतु बैठक व्यवस्था, कुशल प्रशिक्षको के द्वारा सत्रवार ट्रेनिंग, जलपान एवं भोजन व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों की ड्यूटी लगाई गई थी। प्रशिक्षण स्थल पर ही शासकीय सेवकों के लिए डाक मत पत्र इशू करने के फॉर्म भरने की सुविधा दी गई है। डाक मतपत्र हेतु कर्मियों को फार्म 12 में विधानसभा का नाम, निर्वाचक नामावली में भाग संख्या, इपिक कार्ड का विवरण, मोबाइल नंबर, फोटोग्राफ सहित आवश्यक जानकारी देनी होगी। डाक मत पत्र हेतु विधानसभा क्रमांक 46 भाटापारा के लिए सीडीपीओ भाटापारा को नोडल अधिकारी बनाया गया है।प्रशिक्षण सत्र के अंतिम में लोकतांत्रिक परंपराओं के निर्बाध निर्वाहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता शपथ कार्यक्रम का संक्षिप्त आयोजन किया गया, जिसमें सहायक रिटर्निंग अधिकारी नितिन तिवारी ने शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य बनाए रखने का संकल्प लेते हुए प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित शासकीय सेवकों को निर्भीक एवं अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई।

भिलाई निगम सीमा क्षेत्र में पशुवध गृह एवं मांस विक्रय केन्द्र रहेगा बंद

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें इन दिनों बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के तहत चैतीचांद पर्व 9 अप्रेल दिन मंगलवार, रामनवमी पर्व 17 अप्रेल दिन बुधवार एवं महावीर जयंती 21 अप्रेल दिन रविवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराने शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है।

आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन के समय में किया गया परिवर्तन

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकाल अवधि 8 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 06 घंटे से घटाकर 04 घंटे किया गया है। ग्रीष्मकाल उपरांत 16 जून 2024 से पुनः आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन सुबह 9.30 से 3.30 तक 6 घंटे के लिए किया जाएगा।

रेण्डमाईजेशन को लेकर हुई बैठक

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत रेण्डमाईजेशन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, जिला पंचायत सीईओ श्री अश्विनी देवांगन, एआरओ श्री हरवंश मिरी, एसडीएम दुर्ग श्री मुकेश रावटे, एसडीएम धमधा श्री सोनल डेविड, एसडीएम पाटन श्री दीपक निकुंज एवं डिप्टी कलेक्टर श्री लवकेश ध्रुव उपस्थित रहें।

राजनीतिक दलों की सभा, जुलूस एवं रैली की अनुमति के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

दुर्ग/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराये जाने हेतु राजनैतिक दलों के सभा/जुलूस/रैली के लिए अनुमति प्रदाय करने के लिए अधिकारियों को विधानसभावार नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया है। मिली जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन के नोडल अधिकारी श्री आशीष बंछोर अनु. अधिकारी पुलिस पाटन एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण होंगे। विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण के नोडल अधिकारी श्री विनोद कुमार मिंज उप पुलिस अधीक्षक, अजाक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधिकारी ग्रामीण (थाना उतई, अण्डा) और श्री अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग (थाना दुर्ग, पद्मनाभपुर, पुलगांव) होंगे। विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर के नोडल अधिकारी श्री चिराग जैन नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग को, विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर के नोडल अधिकारी श्री सत्यप्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर होंगे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 66 वैशाली नगर के नोडल अधिकारी श्री हरीश कुमार पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक छावनी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर को, विधानसभा क्षेत्र 67 अहिवारा, 68 साजा (आंशिक) और 69 बेमेतरा (आंशिक) के लिए नोडल अधिकारी श्री संजय पुंढीर उप पुलिस अधीक्षक एसजेपीयू एवं पर्यवेक्षण अधिकारी श्री वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधिकारी ग्रामीण होंगे।

गंदे पानी से भरा बोतल लेकर वार्डवासियों के साथ जलगृह विभाग पहुंचे पार्षद अजीत वैद्य

■ गायत्री मंदिर वार्ड में पेयजल संकट, पार्षद नारायणी ने टैंकर भेजने में लगाया भेदभाव का आरोप

दुर्ग/नवप्रदेश । मौसम विभाग ने इस बार तेज गर्मी पड़ने का अलर्ट जारी किया है। तपिस को अभी एक हफ्ता भी नहीं गुजरा है, लेकिन दुर्ग शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था गड़बड़ा गई है। वार्डो से पेयजल संकट की शिकायतें सामने आने लगी है। जिससे वार्डवासियों को पेयजल के लिए परेशानियां उठानी पड़ रही है। गंदा प्रदूषित पेयजल भी चिंता का कारण बना हुआ है। आमापारा वार्ड क्रमांक-12 पश्चिम के विजयनगर क्षेत्र से बुधवार को गंदा पेयजल आपूर्ति होने की शिकायतें भी सामने आई है। इससे आक्रोशित वार्ड के पार्षद अजीत वैद्य एक बोतल में गंदा पेयजल लेकर स्वयं वार्डवासियों के साथ नगर निगम के जलगृह विभाग पहुंचे थे। इस दौरान उन्होने गंदा पेयजल आपूर्ति की शिकायत की और व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया। पार्षद अजीत वैद्य ने कहा कि वार्ड में कुछ स्थानों की पेयजल पाईपलाईन क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके माध्यम से गंदा प्रदूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है। जलगृह विभाग से उन्हें पेयजल पाईपलाईन ठीक करवाने का आश्वासन मिलने पर वे वापस लौटे। इसी प्रकार गायत्री मंदिर वार्ड क्रमांक-25 में बुधवार को पेयजल संकट से लोग परेशान रहे। पेयजल संकट की शिकायत वार्ड के पार्षद राजकुमार नारायणी तक भी पहुंची। उन्होने लोगों को पेयजल संकट से राहत दिलाने नगर निगम के जलगृह विभाग में संपर्क किया,लेकिन वहां बैठे जिम्मेदारों ने पार्षद के शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया। जिसकी वजह से वार्ड के लोग पेयजल के लिए घंटो परेशान होते रहे। फलस्वरुप पार्षद राजकुमार नारायणी ने जलघर में दस्तक दी। तब कहीं उनके वार्ड के पेयजल संकट प्रभावित क्षेत्र में पानी के टैंकर भेजे गए। वह टैंकर भी केवल खानापूर्ति साबित हुई। पार्षद राजकुमार नारायणी ने आरोप लगाया कि नगर निगम का जलगृह विभाग पेयजल संकट को लेकर गंभीर नहीं है। पेयजल के वैकल्पिक व्यवस्था टैंकर वार्डो में भेजने भेदभाव किया जा रहा है। जिसकी वजह से जहां पेयजल की ज्यादा जरुरत है, उन पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकर विलंब से पहुंचते है। जो पेयजल संकट से प्रभावित क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को और बढ़ा रहे है। पार्षद राजकुमार नारायणी ने कहा कि अगर नगर निगम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी पेयजल के उचित व्यवस्था पर गर्मी पूर्व ध्यान केन्द्रित किए होते, तो आज शहर के वार्डों में पेयजल संकट की यह स्थिति निर्मित नहीं होती।

क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्यों की आयुक्त ने देखी स्थिति

भिलाईनगर/नवप्रदेश। तान्दुला जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी का तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहकर निचली बस्तीयों में जल जमाव की स्थिति न बने तथा आने वाले बरसात में बरसाती पानी का बहाव की निरंतरता को बनाये रखने के लिए सभी जोन क्षेत्र में नालियो की सफाई वृहद स्तर पर किया जा रहा है जिसका आयुक्त स्थल अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दे रहे है।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम के अधिकारी कर्मचारियो को समीक्षा बैठक में निर्देश दिये थे, कि 2 से 4 फिट चौड़े नाली तथा नालो की सफाई जे.सी.बी. का उपयोग कर गहराई से किया जाये। इसी तारतम्य में जोन-1 के स्मृति नगर, खम्हरिया, परियापारा, नेहरू नगर, संजय नगर, सुपेला, लक्ष्मीनगर, गदा चौक, जोन-2 के राजीव नगर, वैशालीनगर, शांति नगर, घासीदास नगर, कुरूद, गौरवपथ, पॉच रास्ता, सुपेला क्षेत्र, जोन-3 के शारदा पारा, नंदनी रोड, मदर टेरेसा नगर, बैकुण्ठधाम, सूर्यानगर, लिंक रोड, पावर हाउस, रविदास नगर, अर्जुन नगर, जोन-4 के खुर्सीपार, चंद्रशेखर आजाद नगर, बापू नगर, डबरा पारा, औद्योगिक क्षेत्र, छावनी एवं जोन-5 के हुड़को आदि क्षेत्रो के नाली एवं नालो का बरसात पूर्व सघन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। ताकि बरसाती पानी अथवा तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहने वाले पानी का जल जमाव न हो साथ ही आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा घनी आबादी क्षेत्र में मच्छर के रोकथाम के लिए मेलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है। गढ़ढे में जमे पानी पर जला आईल का छिड़काव भी किया जा रहा है।

नागरिको को शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए सभी जोन क्षेत्र के 25-25 अलग स्थानो से पानी का नमूना लेकर जॉच किया जा रहा है । घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का अमला डोर-टू-डोर सर्वे कर यह सुनिश्चित कर रहे है कि डायरिया, पीलिया जैसे जल जनित बिमारी से कोई पिड़ित तो नहीं है, जॉच में दुषित जल पाये जाने वाले क्षेत्र के पेयजल स्त्रोत का तत्काल उपाय किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में सहकारी बैंक दुर्ग ने अर्जित किया 140.53 करोड़ का सकल लाभ

■ यह बैंक ए ग्रेड में शामिल कलेक्टर ने दी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मागदर्शन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 140.54 करोड़ का सकल लाभ अर्जित किया, जो कि विगत वर्ष की तुलना में लगभग 40 करोड़ अधिक है। प्रदेश के अन्य सहकारी बैंकों की तुलना में दुर्ग बैंक का लाभ पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में सर्वाधिक है। आज कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग सुश्री चौधरी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस.के. जोशी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर बैंक के वित्तीय स्थिति की जानकारी दी गई।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंक की अमानते 5971.69 करोड़ रहा। जिसमें 59.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई, ऋण वसूली (1499.54 करोड़) 83.23 प्रतिशत हुआ जिसमें गत वर्ष में 3.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई, साथ ही बैंक के एन.पी.ए. में 3.06 प्रतिशत की कमी हुआ, बैंक का सकल लाभ 140.54 करोड़ हुआ जो कि विगत वर्ष की तुलना में 39.86 प्रतिशत अधिक है इस प्रकार बैंक के सभी मदों में आर्थिक प्रगति हुई है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ-साथ बैंक में कार्यरत समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी।

जिलेवासियों को शुद्ध व साफ पेयजल के लिए जिला प्रशासन को गेल ने दिए 25 लाख

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को गेल इंडिया के महाप्रबंधक ने सौंपा चेक

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से गेल (इंडिया) के महाप्रबंधक नजीब कुरैशी ने मुलाकात की। गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस कंपनी है और एशिया में शीर्ष गैस उत्पादकों में से एक है। यह एक महारत्न कंपनी है जो व्यवसायिक गतिविधियां जैसे गैस प्रोसेसिंग एवं तरलीकृत पेट्रोकेमिकल्स के उत्पादन और विपणन का कार्य करती है। देश के कई राज्यों के आर्थिक विकास में गेल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके तहत राज्य के प्रमुख जिलों एवं शहरों को ट्रंक लाइन से जोड़ा जा रहा है जिससे औद्योगिक वाहनों और घरेलू खपत के लिए प्राकृतिक गैस की पंहुच को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसी कड़ी में दुर्ग जिले में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल प्रदान करने के उद्देश्य से गेल (नागपुर-रायपुर-झाड़सूगुडा) पाइपलाइन के अन्तर्गत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) के तहत 21 ग्रामों के स्कूल, अस्पताल, पंचायत भवन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में परियोजना संचालित की जा रही है। जिसके लिए गेल (इंडिया) के महाप्रबंधक नजीब कुरैशी ने 50 लाख की परियोजना में पहली किस्त स्वरूप 25 लाख रूपए की राशि कलेक्टर सुश्री चौधरी को प्रदान की। इस दौरान श्री बाला चंद्रा उप महाप्रबंधक गेल (इंडिया) लिमिटेड एवं श्री सौरभ सिंह मुख्य प्रबंधक गेल (इंडिया) लिमिटेड मौजूद थे।

ईश्वर निष्ठा और परिश्रमशीलता नारी के दो सबसे कीमती आभूषण : आदर्श

■ गायत्री परिवार का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन

दुर्ग/नवप्रदेश। गा, श, पीठ दुर्ग में दिनांक 29 मार्च से 1 अप्रैल तक चले चार दिवसीय महिला आवासीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र में छत्तीसगढ़ जोन प्रभारी आदर्श वर्मा रायपुर से यहां पहुंची थी,। दूसरों को प्रशिक्षण दे सकने की क्षमता वाली 200 से ज्यादा बहनों के प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र में प्रशिक्षार्थी बहनों की अभिव्यक्तियां सुनने के बाद आदर्श वर्मा ने कहा- कि यदि महिला में ईश्वर के प्रति निष्ठा है, और शरीर में सतत मेहनत करते रहने का अभ्यास बन गया है, तथा जीवन में अनुशासन है, तो ऐसी महिला को अपनी सुंदरता बढ़ाने के लिए अन्य आभूषण की जरूरत नहीं होती , ऐसी महिला स्वभावतः सदैव प्रशंसनीय और चुंबकीय बन जाती है ।,

प्रशिक्षण सत्र के अंतिम कालखंड में प्रशिक्षार्थियों की अभिव्यक्तियों का क्रम चला, जिसमें खुर्सीपार की अदिति साहू ने कहा कि- हमने यहां जो कुछ भी सीखा है उस अनुभव और ज्ञान को अन्यों तक पहुंचाने का प्रयास करूंगी। देवादा पाटन की रीता साहू ने कहा कि चार दिन समय कम होता है, ऐसे ज्ञानवर्धक शिविर को कम से कम एक सप्ताह का होना चाहिए। रिसाली की शिल्पा गुप्ता ने कहा कि इस शिविर में स्वास्थ्य संवर्धन, प्रातः जल्दी उठने का महत्व, उषा पान के लाभ, गर्भ संस्कार का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व समझने का अवसर मिला । इसके अलावा गुलशन चंद्राकार, दुर्गा निषाद, भूमिका साहू कोडिया, तथा अन्य बहनों ने भी अपनी अभिव्यक्तियां दी।

शिविर की संयोजिका डा कुंती साहू, अपनी अन्य प्रशिक्षकों की टीम जिसमे कु शांता साहू रुक्मणी निर्मल,,,,,,, ,, , आदि महिलाओं ने निर्धारित काल खंड एवं विषय वस्तु के अनुरुप प्रशिक्षण क्रम, सीमित साधनों और कम स्थान के ऋषीप्रणीत आश्रम वातावरण मे पारिवारिक स्नेह के साथ सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया।

ईस अवसर पर उपजोन सह समन्वयक धीरज लाल टांक, जिला समन्वयक लोकनाथ साहू, प्र, ट्रस्टी अभय लाल धुर्वे, सहा प्र, ट्रस्टी प्रेमिन आडिल, अरुण वैद्य सहित सभी ट्रस्टी डा गुलाब विश्वकर्मा, लेखराम साहू, बी, एल, वर्मा, आदि विशिष्ट परिजन उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403100600125
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नितेश कुमार सलावत पिता श्री नवरतन सलावत निवासी अभनपुर तह. अभनपुर जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 797/2 रकबा 0.0557 हे. भूमि ... प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति से नियत दिनांक 10/04/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403100600112
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रूपेन्द्र कुमार पिता श्री दशरथ लाल वर्मा निवासी बोरिद तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम अखरा प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 13/51 रकबा 0.0139 हे. भूमि .... प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति से नियत दिनांक 10/04/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403100600111
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती केशरी बंछोर पति श्री रामकुमार बंछोर निवासी ग्राम बोरिद तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अखरा प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 13/56 रकबा 0.0101 हे. भूमि .... प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति से नियत दिनांक 10/04/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403100600104
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुनील कुमार ढ़ीढ़ी पिता बिहारी लाल ढ़ीढ़ी निवासी ग्राम भढेली (भखारा) तह. कुरूद जिला धमतरी के द्वारा ग्राम पाटन त.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 340/4 रकबा 0.1150 हे. भूमि .... प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति से नियत दिनांक 10/04/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403100600121
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सत्येन्द्र कुमार नायक पिता श्री राजाराम नायक निवासी ग्राम पंढर तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 604/25 रकबा 0.0116 हे. भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति से नियत दिनांक 10/04/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403100600130
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती विजय लक्ष्मी नायक पति श्री सत्येन्द्र कुमार नायक निवासी मंदिर हसौद रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम अखरा प.हनं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 50/30 रकबा 0.0128 हे. भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति से नियत दिनांक 10/04/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403100600128
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कल्याणी भट्ट पति श्री कमलेश भट्ट निवासी ग्राम सेमरी तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 683/9 रकबा 0.0149 हे. भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति से नियत दिनांक 10/04/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 20240410040009
अ-2 /2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रीति चौबे आ./पति सुरेन्द्र चौबे निवासी कुरूद भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 275/17 रकबा 0.009 हे. 1575 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यूज गैलरी

महिला संबंधी अपराध में पिता पुत्र गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। हथबंद पुलिस ने अप्राकृतिक शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी पति तथा छेड़छाड़ करने वाले आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। उपरोक्त संबंध में पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रकरण में पीड़िता के लिखित आवेदन पर थाना सिमगा में उक्त धाराओं के तहत जीरो में अपराध कायम किया गया तथा मामला हथबंद थाना क्षेत्र का होने से अग्रिम विवेचना थाना हथबंद को प्राप्त होने पर थाना प्रभारी हथबंद निरीक्षक हेमंत पटेल द्वारा नंबरी अपराध कायम किया जाकर थाना हथबंद पुलिस द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपियो को हिरासत में लिया गया है।

कस्टम मिलिंग में लगे वाहनों को परिवहन की छूट

भाटापारा/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन को दृष्टिगत रखते हुए कस्टम मिलिंग के धान, चावल एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सामग्री परिवहन में लगे वाहनों को आवागमन में 1 अप्रैल से 31 मार्च 25 तक शहर के सभी मार्गों में 24 घंटे परिवहन करने की छूट प्रदान की गई है। सीएमआर चावल उपार्जन कार्य,धान संग्रहण केन्द्रों से मिलर्स द्वारा धान का उठाव, खरीदी केन्द्रों से संग्रहण केन्द्रों तक धान का आंतरिक परिवहन एवं मिलर्स द्वारा धान संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव कर कस्टम मिलिंग योजनांतर्गत जिले के प्रदाय एवं उपार्जन केन्द्रों में चावल का परिवहन किया जा रहा है।

जैन समाज महिला मंडल की संगीता बनी अध्यक्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। जैन महिला मंडल का चुनाव श्री दिगंबर जैन परवार पंचायती मंदिर में संपन्न हुआ। इसमें सर्वसम्मति से संगीता जैन को महिला मंडल की अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष श्रीमती चंदा जैन एवम भावना,सचिव निधि,सह सचिव अंशु एवम कोषाध्यक्ष अर्चना जैन को नियुक्त किया गया है। यह जानकारी सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष पीयूष जैन ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले 15 सालों से संगीता जैन सचिव के पद पर देव,शास्त्र,गुरु के प्रति समर्पित रहकर समाज की सेवा की ,इनकी कर्तव्य निष्ठा और सेवा भाव को देखते हुए महिला मंडल ने उन्हें इस बार अध्यक्ष की जवाबदारी सौंपी है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को सिखाए बूथ मैनेजमेंट के गुर

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत दिलाने का लिया संकल्प

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक किसी को भी कमतर नहीं आंकती है। इसीलिए पार्टी हर चुनाव को अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ती है। पार्टी 12 महीने 24 घंटे सातों दिन चुनाव के लिए तैयार रहती है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता किसी सैनिक से काम नहीं है। जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए हमेशा तैयार खड़ा है। यह बातें मंगलवार 2 अप्रैल को रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने भाटापारा में भाजपा के चारों मंडलों की बैठक के दौरान कही। इस बैठक का आयोजन निपनिया मंडल के ग्राम भोथीडीह, भाटापारा नगर मंडल भाजपा कार्यालय, भाटापारा ग्रामीण ग्राम तरेंगा और सिमगा मंडल ग्राम दामाखेड़ा में किया गया था। इस बैठक का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में बेहतर बूथ प्रबंधन था। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता किसी सैनिक से कम नहीं है जो केवल पार्टी और पीएम मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत के निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले के समय पालिका चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक मुख्य मुद्दा नाली, सड़क, बिजली और पानी का होता था। लेकिन पिछले 10 सालों में नरेंद्र मोदी ने देश की दशा और दिशा दोनों बदल दी हैं। आज ग्रामीण इलाकों तक में गरीबों को पक्के मकान, नल जल योजना से जल, 24 घंटे बिजली मिल रही है।

मोडिफाइड साइलेंसर लगा बुलेट चलाने वालों पर लगाया जुर्माना

धमतरी/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कराने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए यातायात स्टाफ द्वारा चौक-चौराहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर बुलेट चलाने वालों, शराब पीकर चलाने वालों पर कार्यवाही की जा रही है।

चेकिंग के दौरान 8 बुलेट चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर 10,000 समन शुल्क राशि वसूल किया गया। इसी प्रकार शराब पीकर वाहन चलाने वाले 5 चालकों का ईस्तगाशा तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें 3 वाहन चालकों को 30,000 रू अर्थदंड से दंडित किया गया। शहर में यातायात नियमों का पालन कराने सुव्यवस्थित यातायात संचालन हेतु यातायात के अधिकारी / कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर रांग साईड चलने वाले, सिग्नल जंप करने वाले, दोपहिया में तीन सवारी चलने वाले,

ओव्हरस्पीड से चलने वाले, मोबाईल में बात करते हुए वाहन चलाने वाले, मालयान में सवारी ले जाने वाले, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले, साथ ही मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहन चालकों पर अधिक से अधिक कार्यवाही करते हुए वाहन चालको का लायसेंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग को प्रतिवेदन भेजने कहा गया। मार्गों में ठेला, पसरा, दुकान लगाकर मार्ग अवरूद्ध करने वाले, अव्यवस्थित ढंग से मार्गों में वाहन खड़े करने वाले को समझाईश देकर यातायात व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त चर्चा के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री चन्द्रा ने ओव्हरस्पीड में वाहन नहीं चलाने, अनावश्यक मार्ग में वाहन खड़ा नहीं करने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, वाहन में प्रदूषण व फिटनेस जांच समय-समय मेंकराने, वाहनों के स्वरूप में किसी प्रकार का परिवर्तननहीं करने बताया गया। आगामी दिनों में वाहन चालकोंके लिए यातायात कार्यशाला एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

यातायात पुलिस ने 41 प्रकरण में 12500 रुपए वसूले

भाटापारा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन , उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के मार्गदर्शन में यातायात शाखा भाटापारा प्रभारी निरीक्षक रितेश मिश्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान 41 प्रकरण में 12500 रुपए सम्मन शुल्क राशि ली गई।

उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी अनुसार भाटापारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों, सड़कों, ग्रामीण अंचल मार्ग पर यातायात पुलिस ने अपना नियमित अभियान चलाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में कार्यवाही की। कुछ को समझाइश भी दी गई। इस दौरान जिन 41 प्रकरणों में कार्यवाही हुई उसमे

बिना नंबर चालको के 9 प्रकरणो में 2700 का जुर्माना। तीन सवारी वाहन चलाना 10 प्रकरण 3000 समन शुल्कं।बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना 1 प्रकरण 500 समन शुल्क।मौके पर कागजात पेश न करना 02प्रकरण 600 समन शुल्क।मौके पर लायसेंस पेश न करना 03 प्रकरण में 900 समन शुल्क। नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना 3 प्रकरण 900 समन शुल्क।हेडलाईट का आधा काला न होना 07 प्रकरण 2100 समन शुल्क।प्रेशर हार्न का उपयोग करना 03 प्रकरण 900 समन शुल्क और यातायात नियमों का उल्लंघन के 3 प्रकरण में 900 रुपए सम्मन शुल्क की राशि लिया गया।

बीजेपी प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के नाम पर एक बाइक है. संतोष पाण्डेय के पास कोई चार पहिया वाहन नहीं है. नकदी की बात करें तो संतोष पाण्डेय के पास 1 लाख 8 हजार रुपए और पत्नी के पास 75 हजार की नकदी है. अचल संपत्ति की बात करें तो संतोष पाण्डेय के नाम एक करोड़ 94 लाख रुपए और पत्नी के नाम पर 1 करोड़ 80 लाख रुपए की अचल संपत्ति है. सांसद पर है कर्ज = वहीं संतोष पाण्डेय पर 2 लाख 37 हजार रुपए का कर्ज है. जबकि पत्नी के नाम पर 29 लाख 92 हजार रुपए का कर्ज की जानकारी दी गई है. सोने चांदी की बात की जाए तो संतोष पाण्डेय के पास 120 ग्राम सोना,पत्नी के पास 370 ग्राम सोना और 5 किलो चांदी है. चल संपत्ति संतोष पांडे के नाम पर 26 लाख 11 हजार रुपए और पत्नी के नाम पर चल संपत्ति 28 लाख 64 हजार रुपए है. लोकसभा चुनाव को लेकर राजनांदगांव कलेक्टोरेट में कांग्रेस और बीजेपी के उम्मीदवार ने अपनी संपत्तियों की जानकारी दी है. आपको बता दें कि राजनांदगांव लोकसभा सीट हाई प्रोफाइल सीट है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यहां से चुनाव लड़ रहे हैं.

वहीं बीजेपी ने मौजूदा सांसद संतोष पाण्डेय को टिकट देकर मुकाबला रोचक बना दिया है.

पीएम के तीसरे कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर होंगे कड़े प्रहार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे राजनांदगांव ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के व्यापक दौरे पर रहे। गाँव-गाँव पहुंचकर लोगों से मेल-मुलाकात करके जनसंपर्क किया। क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए एवं ग्रामीणों का दुख- दर्द सुना। इस दौरान श्री पांडे का भाव- विभोर कर देने वाला स्वागत हुआ, लगभग सभी गांव में बाजे-गाजे के साथ ग्रामीणों ने आतिशबाजी करके भाजपा प्रत्याशी का स्वागत अभिनंदन किया। महिलाओं ने मंगल तिलक लगाकर श्री पांडे को विजय होने कामना की।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे ने आधा दर्जन से अधिक चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी का तीसरा कार्यकाल एतिहासिक फैसलों का होगा, भ्रष्टाचार पर प्रहार और तेज होगा। श्री पांडे ने भूपेश बघेल व उनकी पार्टी पर भ्रष्टाचारियों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब से देश में भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने की मुहिम प्रारंभ की गई हैं, तभी से सारे भ्रष्टाचारी एक गठबंधन बनाकर अपने अस्तित्व को बचाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं।

श्री पांडे ने आगे कहा कि आने वाले 5 वर्षों में अभूतपूर्व काम किए जाएंगे और बड़े फैसले होंगे, लेकिन इसके लिए यह आवश्यक हैं कि हम सब मिलकर श्री मोदी के कंधों को मजबूत करें। भाजपा का मतलब ही-विकास व समाधान है, जबकि कांग्रेस देश की हर बीमारी की जड़ हैं। श्री पांडे ने जोर देकर कहा कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में देश की राजनीति दो खेमों में बटी नजर आ रही हैं। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी का एनडीए गठबंधन है, जो राष्ट्र प्रथम का संकल्प ले कर चल रहा हैं, एनडीए की नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयां प्राप्त किया हैं, सामरिक दृष्टि से हम अत्यंत मजबूत हुए हैं, सेना के हथियारों के लिए आयात की निर्भरता धीर-धीरे खत्म हो रही है। भारत खुद तेजस जैसा लड़ाकू विमान बना रहा हैं, जिसकी मांग पूरी दुनिया में हो रही हैं। हम अपनी मिसाइले स्वयं बना रहें हैं, एवं अन्य देशों को निर्यात भी कर रहे हैं, अब मंगल ग्रह तक हमारे यानों का प्रक्षेपण हो रहा हैं, जिसे सारी दुनिया आश्चर्य चकित हैं, पिछले 10 वर्षों में रक्षा निर्यात कई गुना बढ़ गया हैं, अब हम विदेशों से हथियार खरीदने वाले नहीं वरन विदेशों को हथियार बेचने वाले देश बन गए हैं, हमारे देश की नौसेना पूरी तरह आत्मनिर्भर हो गई हैं, वायुसेना व थलसेना भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। दूसरी तरफ परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों का जमावड़ा है, जो देश का विकास नहीं बल्कि अपना एवं अपने परिवार का विकास चाहते हैं। भ्रष्टाचार कर इन लोगों ने करोड़ों-अरबों की संपत्ति एकत्रित कर ली है, और इसे बचाने के लिए एक गठबंधन बना रखा हैं, किन्तु एसे देश को लूटने वालें सारे लोगों की अब खैर नहीं होगी, इन्हें देश को लूटने का हिसाब देना ही होगा।

नवागढ़ पुलिस ने 16 मवेशी से भरे वाहन को किया जप्त, चालक अंधेरे में फरार

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना नवागढ़ पुलिस स्टाफ को 3 अप्रेल को रात्रि में मुखबीर के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम प्रतापपुर नहर के पार के रास्ता से एक ट्रक में मवेशी (गाय, बछडा) को कत्लखाना ले जाने के लिए ठुसठुस कर नगपुरा खार में भर रहा हैं, जो नहर पार के रास्ता से प्रतापपुर मेन रोड की ओर आने की सूचना पर थाना नवागढ स्टाफ तस्दीक हेतु हमराह स्टाफ गवाहो के साथ हमराह में लेकर मौका तस्दीक हेतु ग्राम प्रतापपुर मेन रोड नहर पुलिया के पास पहुंच कर घेरा बंदी किया। उसी दौरान नगपुरा खार की ओर से नहर पार के रास्ते एक ट्रक आ रहा था, जिसका अज्ञात चालक पुलिस को देख कर अपने ट्रक टाटा 1512 क्रमांक रूा 40 छ्ष्ठ 6852 को छोड कर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस के द्वारा पीछा करने पर नहीं मिला, जिसका पंचनामा तैयार किया गया। ट्रक टाटा 1512 क्रमांक रूा 40 छ्ष्ठ 6852 के पास हमराह स्टाफ एवं गवाह के साथ जाकर चेक किया तो वाहन में कुल 16 नग मवेशी को बिना चारा पानी के क्रूरता पूर्वक ठुसठुस कर भरा हुआ मिला,

मौके पर ट्रक टाटा 1512 क्रमांक रूा 40 छ्ष्ठ 6852 कीमती करीबन 10 लाख रूपये एवं ट्रक में भरे 16 नग मवेशी जिसमें 14 गाय, 2 बछडा कीमती 80 हजार रूपये का गवाह के समक्ष वजह सबूत में जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। ट्रक टाटा 1512 क्रमांक रूा 40 छ्ष्ठ 6852 के अज्ञात चालक एवं अन्य व्यक्तिय के द्वारा धारा 4, 6, 10 छग. कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004, पशुओं के प्रति क्ररुता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, का अपराध घटित करना पाया गया।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, प्रधानपाठक और शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले के संसदीय क्षेत्र राजनंदगांव लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य चल रहा है।

मतदान दलों के प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए 24 कर्मचारियों को प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान दलों में प्रधान पाठक, व्याख्याता, सहायक शिक्षक, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3 सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित अन्य कार्यालयीन स्टाफ को नोटिस जारी किया गया है।

जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि स्वामी करपात्री उच्चतर माध्यमिक शाला कवर्धा में गत दिनों दो पालियों में मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसमे अलग-अलग श्रेणी के 24 कर्मचारी प्रशिक्षण में उपस्थित नही हुए जबकी उन्हें पूर्व से सूचना दी गई थी। अनुपस्थित कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत कार्य करते हुए शासकीय कार्यों में उदासीनता लापरवाही एवं कदाचरण के आरोप में स्पष्टीकरण जारी किया गया है। यदि जवाब समाधान कारक नहीं पाया जाता है तो इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्योंकि निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छाचारित एवं लापरवाही की गई है।

ये हमारी नहीं, भारतीय लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई : भूपेश

3राजनांदगांव/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने आज विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद स्टेट स्कूल मैदान में कांग्रेस की विशाल जनसभा आयोजित हुई। यहां मौजूद अपार जनसमूह ने अपने नेता और प्रत्याशी का जोरदार अभिवादन कर अपना उत्साह प्रदर्शित किया।

प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री व संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा, कांग्रेस नेता राजेश तिवारी, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संबोधन सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद थे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आमजनों से कांग्रेस को जिताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि-लोकतंत्र में तानाशाह हो चुकी मोदी सरकार को हटाने का वक्त आ गया है। उन्होंने आज पार्टी में प्रवेश करने वाले नए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और उन्हें कांग्रेस का हाथ मजबूत करने की बात कही, जो संकट के समय साथ छोड़ रहे उन्हें कभी साथ नहीं लेने की बात कही। पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने भी कांग्रेसजनों के उत्साह की प्रशंसा की करते हुए कहा कि उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद किए जाने को लेकर विष्णुदेव साय सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि-इस सरकार को जनहितैषी योजनाएं रास नहीं आई और ये अब जनता को गर्त में धकेल रही है। पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने भी भाजपा सरकार की कार्यशैली और मोदी सरकार की तानाशाही का विरोध किया। उन्होंने कहा कि-कांग्रेस के नेताओं को जांच एजेंसियों के नाम पर डराया जा रहा है। जेल भेजने का षड्यंत्र किया जा रहा है। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने अपने ओजस्वी अंदाज में कहा कि-ये लड़ाई हमारी नही हिंदुस्तान

मर्यादा की सीमा लांघकर कांग्रेस ने राजनीति का स्तर गिराया : भाजपा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा के चुनाव संयोजक मधुसूदन यादव, सहसंयोजक दिनेश गांधी, नीलू शर्मा, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, रामजी भारती वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने अपने संयुक्त वक्तत्व में कांग्रेस की लोकतंत्र के प्रति निष्ठा पर सवाल उठाते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं कांग्रेस के नेता चरणदास महंत के बयान पर कड़ा विरोध प्रकट करते हुए कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होता, परंतु कांग्रेस के नेतागण अब लोकतंत्र पर भरोसा नहीं करते, इसलिए वे तोड़फोड़ और मारपीट पर विश्वास कर रहे हैं, भूपेश बघेल की नामांकन रैली में पहुंचे चरणदास महंत के बिगड़े बोल से यही लग रहा है कि कांग्रेस ने राजनांदगांव में अराजकता फैलाने के उद्देश्य से सुनियोजित तरीके से भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है।

भाजपा नेताओं ने एक स्वर में कहा कि महंत के बयान जिसमें उन्होंने श्री मोदी का सर भूपेश बघेल फोड़ सकते हैं, पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए नेताओं ने कहा कि आज विश्व पटल में भारत का स्वाभिमान बढ़ाने का कार्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने किया है, श्री मोदी की प्रशंसा अन्य देश के लोग भी करते हैं, यहां तक की कट्टर विरोधी देश पाकिस्तान की जनता और मीडिया जगत भी भारत की अर्थव्यवस्था को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए श्री मोदी की नीतियों की प्रशंसा करते हैं, परंतु अपने देश के कुछ विध्नसंतोषी लोग ही अपने ही देश के प्रधानमंत्री पद की महत्ता को नहीं समझते और सर फोड़ने जैसे अनर्गल और बेतुके बयान देकर अपनी घटिया मानसिकता का परिचय देते हैं।

आधी रात अस्पताल पहुंचे विधायक स्टॉप हड़बड़ाए

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक दीपेश साहू ने आधी रात 1=30 बजे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। देर रात अस्पताल में विधायक को देखकर हॉस्पिटल स्टॉप के होश उड़ गए। जानकारी के मुताबित अपने दैनिक दौरे कार्यक्रम से वापसी के दौरान आधी रात विधायक दीपेश साहू का काफिला जिला अस्पताल पंहुचा। काफिले को देख ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरो के साथ स्टॉप के हाथ पाव फूलने लग गए। श्री साहू ने जनरल वार्ड मे पहुंचकर जाग रहे मरीजों से अस्पताल में मिलने वाले इलाज और सुविधाओ की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल का औचक निरीक्षण भी किया। मरीजों के वार्ड में घूमकर विधायक ने मरीजों से भी बातचीत की और अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था भी देखी।

मरीज हमारे लिए भगवान हैं उनके इलाज में किसी प्रकार कोताही ना बरतें - औचक निरिक्षण के दौरान विधायक दीपेश साहू ने अस्पताल की अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को फ़ोन पर बात कर डॉक्टरों को फटकार लगाते हुए दिशा निर्देश दिये कि हमारे गरीब मजदूर किसान भाइयों माता बहन हमारे भगवान हैं। इन लोगों के इलाज में किसी प्रकार की कोताही ना बरतें सभी डॉक्टर मरीजों के साथ अच्छे से पेश आये और प्रेम पूर्व उनकी बीमारी का इलाज करें, यदि कोई डॉक्टर बद्तमीजी से मरीजों के साथ पेश आते है तो आप उनकी क्लास लीजिये और उनको व्यवहारिक ज्ञान दीजिये कि मरीजों के साथ कैसे पेश आना हैं। किसी प्रकार की डॉक्टरो की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। श्री साहू ने अस्पताल में मरीजों को दिये जाने भोजन और दवाईयों के वितरण के बारे में मरीजों से जानकारी ली। मरीजों के द्वारा विधायक को बताया कि छोटी छोटी बातों पर व्यवस्था का बहाना बनाकर मरीजों को रायपुर रिफर कर दिया जाता है।

भूतल की दुकानों का प्रीमियम भुगतान नहीं नगर निगम ने की 3 में तालेबंदी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम द्वारा सुभाष द्वार के पास भूतल एवं प्रथम तल में व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है। भूतल में निर्मित 6 दुकानों को नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है। आबंटितों को प्रीमियम राशि का भुगतान करने अनेको बार नोटिस जारी किया गया, नोटिस उपरांत प्रीमियम का भुगतान नहीं करने पर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर 6 दुकानों में से क्रमशः दुकान क्रमांक 2, 3 व 4 को निगम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्यवाही की गयी।

प्रीमियम की राशि का भुगतान नहीं करने पर आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश एवं उपायुक्त मोबिन अली के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर, राजस्व उप निरीक्षक रविन्द्र ठाकुर व राजकुमार बंजारे, सहायक ग्रेड-2 अभिजीत हरिहारनो, सहायक ग्रेड-3 प्रकाश

साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक रमेश बघेल एवं निगम की टीम सुभाष द्वार (दिल्ली दरवाजा) के पास भूतल की दुकान क्रं. 2 जो विजय धनवानी को आबंटित है, इसी प्रकार दुकान क्रमांक 3 हरीश सोनछत्रा तथा दुकान क्रमांक 4 आबंटित रामनुज वर्मा द्वारा प्रीमियम की राशि जमा नहीं करने पर उपरोक्त तीनों दुकान में तालाबंदी कर सील की गयी। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा सुभाष द्वार के पास भूतल में निर्मित 6 दुकाने नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है।

सत्संग के बिना जीवन व्यर्थ : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मटका में आयोजित सदुरु कबीर धनी धर्मदास साहब सत्संग समारोह में मुख्य अतिथी के रूप में आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक बेमेतरा शामिल हुए। सर्वप्रथम सदगुरू कबीर साहब, पंश्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहेब, गुरु गोसाई डा.भानुप्रताप साहेब के श्री चरणों के पुष्प अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना एवं गुरु गोसाई तुलसी दास साहेब से आशिर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि सत्संग के बिना मानव जीवन व्यर्थ हैं। श्री सदुरु कबीर साहब ने बताए हैं कि हरि भजन, साधु संगत, दया, दीन, उपकार जीवन मे पांच अनमोल रत्न हैं, ये गुण हर मानव में होना चाहिए।

हंगामा | हिंदू संगठनों ने किया हाईवे जाम, इलाके में जमकर बवाल, पुलिस हुई सक्रिय

नाबालिग छात्राओं को भगा ले गए विशेष समुदाय के दो युवक

सरगुजा/नव प्रदेश। अंबिकापुर से लगे ग्राम रघुनाथपुर में एक विशेष समुदाय के दो लड़कों ने नाबालिग दो लड़कियों के भागकर ले गया. इसके बाद इलाके में बवाल मच गया है. इस मामले की शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों लड़कों को रांची से गिरफ्तार किया. वहीं लड़कियों को भी बरामद किया. इधर इस मामले को लेकर हिंदू संगठनों ने नेशनल हाईवे 43 स्थित रघुनाथ चौकी का घेराव करते हुए आसपास के दुकानों को बंद कराकर जमकर बवाल किया. मौके पर पुलिस अधिकारियों ने मामले को संभालते हुए बल का प्रयोग कर आंदोलन करने वाले सभी लोगों को वहां से हटाया.

दरअसल अंबिकापुर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रघुनाथपुर के रहने वाले एक धर्म विशेष के दो युवक नाबालिग लड़कियों को बहला फुसलाकर लेकर भाग गए. परिजनों को जब देर रात इस घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत रघुनाथपुर चौकी में की. नाबालिग लड़कियों के परिजनों ने जब इसकी शिकायत रघुनाथ थाने चौकी में की तो पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रात भर युवकों व नाबालिग लड़कियों की खोज करते हुए उन्हें रांची से पकड़ लिया. पुलिस ने आरोपी युवकों को अलग-अलग धाराओं में गिरफ्तार कर लिया है, जबकि नाबालिग दोनों लड़कियों को उनके परिजनों को सौंप दिया है. इसके बाद आज इस मामले में हिंदू संगठनों ने रघुनाथपुर चौकी का घेराव करते हुए जमकर बवाल किया. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने जहां एक ओर नेशनल हाईवे 43 को जाम कर आसपास की दुकानों को भी बंद करा दिया. इस दौरान मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए बाल का प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा. अब क्षेत्र में शांति है।

ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था देखी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संयुक्त कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट, वेयर हाउस के रखरखाव की सुरक्षा व्यवस्था देखी व निर्वाचन सामग्री रखरखाव के अवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने वेयर हाउस स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्हीपीएटी मशीन, सीसीटीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने कलेक्टरेट परिसर का निरीक्षण किया और वाहन पार्किंग और सुरक्षा हेतु सभी शासकीय कर्मचारी का पास बनाकर व्यवस्थित तरिके से पार्किंग करने और साफ सफाई के निर्देश दिए।

कैमरा और रेट लिस्ट नहीं लगाने पर होगी सीधी कार्रवाई

- यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर पुलिस ने ली बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। कैमरा और रेट लिस्ट नहीं लगाने पर होगी सीधी कार्रवाई एसएसपी संतोष सिंह के आदेश के बाद एएसपी यातायात ओम प्रकाश शर्मा ने प्रदेश में बस मालिकों को अंतिम हिदायत दी है। एडिशनल एसपी ट्रैफिक ओपी शर्मा ने यात्री बस संचालकों को कहा है कि कैमरा और रेट लिस्ट नहीं दिखने पर अब बसों पर सीधे कार्रवाई होगी।

यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं को लेकर यातायात पुलिस ने बस ऑपरेटरों और चालकों की अहम बैठक लेकर अहम निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी संतोष सिंह के आदेश के बाद एएसपी यातायात ओम प्रकाश शर्मा द्वारा बुधवार को बैठक लेकर जिम्मेदारों से अहम विषयों पर चर्चा की गई।

इस दौरान सभी को स्पष्ट समझाइश देते हुए एएसपी शर्मा ने कहा, यात्रियों की सुविधाओं में किसी भी तरह की कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य रूप से सभी बसों में रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चिपकाना होगा। लंबी दूरी की बसों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाना होगा। डीएसपी गुरजीत सिंह ने कहा, बस स्टैण्ड के बाहर हॉकर बसों की सीट बुकिंग करते हैं, जो कि अनुचित है, इस पर रोक लगाना जरूरी है।

बैठक में थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक दुर्गेश रावटे, थाना प्रभारी यातायात भाठागांव बस स्टैण्ड निरीक्षक सिद्धेश्वर प्रताप सिंह, नगर निगम जोन-06 प्रभारी हिमांशु चंद्राकर, छ.ग. परिवहन संघ के अध्यक्ष अनवर अली सहित सभी ट्रेवल्स के संचालक उपस्थित हुए।

एएसपी शर्मा का बस मालिकों को ये निर्देश

निर्धारित दर पर ही टिकट काटना होगा, अधिक किराया राशि लेने की शिकायत मिलने पर वैधानिक कार्रवाई होगी। लंबी दूरी के यात्री बसों में यात्रियों के सुरक्षा हेतु अनिवार्य रूप से सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगायेंगे। चलती बसों को कहीं भी खड़ा कर देने वालों पर मोटर यान अधिनियम के तहत अब कार्रवाई तेज होगी। जगदलपुर से आने वाली यात्री बस पचपेढ़ी नाका में सवारियों को उतारती है, ये यातायात के लिए बड़ी बाधा है। इसमें पूरी तरह से रोक लगाई जाए। बस स्टैण्ड के बाहर हॉकर बसों की सीट बुकिंग करते हैं, जो कि अनुचित है, इस पर पूर्णतः रोक लगाया जायेगा।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के शहर अध्यक्ष राजिक, आफताब बने प्रवक्ता

राजनांदगांव। अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के अनुमोदन से अल्पसंख्यक विभाग छत्तीसगढ़ ने जारी की प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की सूची जिसमें 1 प्रदेश उपाध्यक्ष, 14 प्रदेश महासचिव, 21 प्रदेश सचिव, 11 जिला अध्यक्ष एवं 5 प्रदेश प्रवक्ताओं को नियुक्ति किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन ने सभी नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव हेतु कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में काम करने का दिशा निर्देश दिया। प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन ने बताया कि अल्पसंख्यक शहर अध्यक्ष का दायित्व राजिक खान (राजा) को दिया गया है। इसके पहले राजिक सोलंकी उक्त पद पर आसिन थे। वहीं आफताब अहमद को प्रवक्ता, निकहत परवीन को प्रदेश सचिव, शेख सलीम को प्रदेश के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रदेश प्रभारी मोहम्मद गुलाब ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई के साथ छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक विभाग को मजबूती देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव 2024 मे कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने में भरपूर योगदान देने का निर्देश दिया।

मनगटा के रिसोर्ट पर किए आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव। लोकसभा चुनाव को देखते हुए सुरक्षा अलर्ट हैं। 31 मार्च 2024 को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक द्वारा अपने दल-बल के साथ मनगटा स्थित रिसोर्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिसोर्ट के रजिस्टर को चेक किया गया व अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। सभी रिसोर्ट संचालकों निर्देश दिया गया कि रिसोर्ट मे ठहरने वाले अगंतुओ की आईडी आदि की जांच करें, कोई संदिग्ध व्यक्ति मिले तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। साथ ही निर्देश दिए गए कि किसी भी रिसोर्ट में अनैतिक कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मनगटा के सारे रिसोर्ट को जांच करने के दौरान कुछ रिसोर्ट में अनियमिता पाई गई है, उस अनियमितता को दूर करने के लिए रिसोर्ट संचालकों को स्पष्टीकरण दिया गया है जिसका जवाब तीन दिवस के भीतर देने हेतु कहा गया है।

रक्से से 12 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

कवर्धा/नवप्रदेश। रामदत्त साहू शासकीय प्राथमिक शाला ईरीमकसा विकास खंड छुईखदान जिला चष्टत्त के मार्गदर्शन में सत्र 2023- 24 में अध्ययनरत कक्षा पांचवी के 12 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है । जिसमें साहू जी के द्वारा आसपास के बच्चों को नवोदय की तैयारी कराई गई, जिसमें लगातार 6 महीने तक बच्चों का चयन हेतु अध्यापन कराया गया । बच्चों को ऑफलाइन के माध्यम से नवोदय तैयारी की रूपरेखा की तैयार की जाती है और अंतिम 50 दिनों में अलग-अलग जगहों पर बच्चों को ले जाया जाता है, 10 से 15 टेस्ट बच्चों को दिलाया जाता हैं। जिसमें आसपास के बच्चे और अन्य जिलों के भी बच्चे टेस्ट परीक्षा में शामिल होते हैं। इस वर्ष साहू जी के मार्गदर्शन में कुल 12 बच्चों का चयन हुआ है । जिसमें 1.लीमा चिरामे रक्से ,2.नोवेश साहू मोहगांव,3.आचल प्रजापति मोहगांव, 4. गौरव मरकाम खोलवा,5.चंद्र किशोर गंधर्व सर्राकांपा,6.कृतिका धुर्वे पिराचाटोला,7. लोमेश्वरी मेरावी पिराचाटोला, 8.ईश्वर साहू चिलगुड़ा , 9. खिल्या धुर्वे पेंडरवानी,10. ऋषि पटेल भगवताटोला,11.तेजराम निषाद बरबसपुर,12.बलवंत साहू कोयलारी से है।

अंतर जिला बाइक चोर गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी संजय कुमार कुर्रे पिता लखन कुमार कुर्रे निवासी खमतराई चौकी कंडरका ने 1 अप्रेल को उपस्थित होकर प्रथम सुचना रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 मार्च को इसकी हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 25-5073 को ग्राम नेवनारा के पास से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर चौकी कंडरका में अपराध क्रमांक 122/24 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सुचना प्राप्त हुई कि ग्राम भिंभौरी में एक व्यक्ति मोटर सायकल बेचने के लिये ग्राहक की तलाश कर रहा हैं, मुखबिर से प्राप्त सुचना के आधार पर चौकी कंडरका व सायबर सेल की टीम द्वारा ग्राम भिंभौरी में दबिश देने पर आरोपी अषोक कुमार साहू पिता कामता प्रसाद साहू उम्र 28 वर्ष साकिन चारभाठा थाना घुमका जिला राजनांदगांव मौके पर भिंभौरी में अटल चौक के पास मिला, जिसके पास से हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 25-5073 बरामद हुई, जो पुछताछ में 31 मार्च को ग्राम नेवनारा के पास से उक्त मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किया। अशोक कुमार साहू से अन्य मोटर सायकल चोरी के संबंध में पुछताछ करने पर पहले तो टाल मटोल करता रहा फिर कडाई से पुछताछ करने पर अन्य 18 मोटर सायकल विभिन्न जिलों से चोरी कर अपने गांव में अपने घर में छुपा कर रखना और मौका देखकर ग्राहक मिलने पर गिरवी रखना स्वीकार किया। आरोपी अशोक कुमार साहू की निशादेही पर उसके मकान से कुल 18 मोटर सायकल/स्कुटी बरामद हुई।

जन्म महोत्सव : भगवान आदिनाथ का अभिषेक

रायपुर/नवप्रदेश। श्री आदिनाथ भगवान का जन्म महोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा भी राजधानी के मुख्य मार्गों से निकाली गई। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक और सचिव राजेश रज्जन जैन ने बताया कि, चतुर्थ कालीन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की जयंती बुधवार को चैत्र कृष्ण नवमी को मनाई गई। बताते हैं कि आदिनाथ भगवान का जन्म आज से 84 लाख वर्ष पूर्व हुआ था। आदिनाथ भगवान की लंबाई 500 धनुष थी, लगभग 15 सौ मीटर। राजा ऋषभ देव के भरत चक्रवर्ती और बाहुबली आदि सौ बेटे, ब्राह्मी और सुंदरी नाम की दो बेटियां थीं। प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म उत्तरप्रदेश के अयोध्या नगर में हुआ था। उनके पिता का नाम राजा नाभि राय और माता का नाम रानी मरू देवी था।

इन्हें मिला प्रमुख चार इंद्र बनने का सौभाग्य

आज प्रमुख चार इंद्र बनने का सौभायग्य महेंद्र कुमार सनत कुमार जैन चूड़ी वाला परिवार, आनंद जैन पूर्वा ग्राफिक्स ललिता चौक, प्रभात जैन अर्जुन एनक्लेव, सुनील जैन कचहरी चौक वालों को मिला।

महाआरती के साथ पूरी हुई पूजा-अर्चना

इसके बाद भगवान की रिद्धि-सिद्धि सुख शांति चमत्कारिक वृहद शांति धारा की गई। इसके बाद देव शास्त्र गुरु पूजन कर भगवान की निर्वाण कल्याणक पूजन की गई। फिर विसर्जन पाठ कर महा अर्घ्य चढ़ाया गया। आखिर में महाआरती की गई।

स्वर्ण कलशों में जल भरकर अभिषेक

यह शोभा यात्रा राजधानी रायपुर के मालवीय रोड स्थित बड़ा मंदिर से कोतवाली चौक, सदर बाजार एडवर्ड रोड गोल बाजार से चिकनी मंदिर होते हुए वापस मालवीय रोड स्थित बड़े मंदिर पहुंची। वहां पर स्वर्ण कलशों में प्रासुक जल भर कर प्रथम अभिषेक किया गया।

शासकीय और निजी चिकित्सालय समन्वय कर संचालन करें

कवर्धा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज की अध्यक्षता में कबीरधाम जिले के निजी चिकित्सालयों एवं आईएमए सदस्यों की बैठक का आयोजन आज कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में किया गया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य शासकीय व निजी चिकित्सालयों के मध्य समन्वय स्थापित कर सुचारू रूप से संचालन करना तथा निजी चिकित्सालय से सहयोग प्राप्त करने तथा उनके शिकायत व सुझाव के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत नए पोर्टल में सोनोग्राफी की रिपोर्ट किए जाने व गर्भवास्था का चिकित्सकीय समापन (एमटीपी एक्ट) कर कल्याणी एप में आवेदन करने तथा नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत समस्त चिकित्सालयों को एक्ट का पालन करने निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि सभी निजी चिकित्सालयों को आपसी सहयोग कर संक्रामक रोगों के रोकथाम व रेबीज टीकाकरण के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

चोरों के अंदाज़ निराले, महंगे पैग और बाइक का शौक

- तो दूसरे को माल गाड़कर रखने की लत
- न्यू राजेंद्र नगर केस में सभी दबोचे गए, कारोबारी के घर की थी बड़ी सफाई, पुलिस ने बरामद किए 6.50 लाख के जेवर, दो बाइक भी जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। न्यू राजेंद्र नगर के कारोबारी सूरज प्रेमचंदानी के यहां हुई चोरी में पुलिस ने तीन शातिरों को पकड़ा है। पुलिस की गिरफ्त में आये तीन में से दो चोरों के अंदाज़ निराले हैं, एक को महंगे पैग और बाइक का शौक तो दूसरे को माल गाड़कर रखने की लत थी। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद उनके पास से 6.50 रुपये से ज्यादा के गहने बरामद किए हैं। एक शातिर को चोरी की रकम से महंगी बाइक में घुमने का शौक रखता था तो दूसरे को अपनी झोपड़ी में चोरी का माल दफ़न करने की आदत थी। देवार डेरा में गड्ढे से पुलिस ने जेवर निकलवाकर जब्ती बनाई है।

कारोबारी प्रेमचंदानी के हयां कुकरेजा फार्म हाऊस के पीछे महावीर नगर में 25 से 27 मार्च के बीच शातिर चोर विनाशक देवार उर्फमास्टर देवार डेरा टिकरापारा, भूपेंद्र साहू ग्राम भैंसा और अभिषेक धृतलहरे को धर दबोचा। इनसे सख्ती से पूछताछ करने के बाद उन्होंने छुपाए गए जेवरात के बारे में बता दिया। पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों में जाकर आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के सामान बरामद किए। बताया जाता है, शातिर अविनाश पहले भी कई बार चोरी के मामले में जेल जा चुका है। चोरी के बाद महंगे जेवर हाथ लगने के बाद उसने देवार डेरा में तंबू के नीचे गड्ढे में छिपा दिया था। पहले भी वह ऐसा कर चकमा देता आया है। चोर ग्रुप में दूसरा आरोपी भूपेंद्र साहू है जो सबसे ज्यादा शातिर है। उसके महंगे शौक चौंकाने वाले हैं। जांच के दौरान मालूम हुआ है भूपेंद्र चोरी के पैसों से महंगी बाइक खरीदकर उसी में रेकी करता है। शहर के कई महंगे बार हैं जहां आ जाकर चोरी की रकम से महंगी-महंगी शराब पीता है। बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राइम संजय सिंह ने मामले का खुलासा किया।

मामले से पर्दा उठाने में इनकी सराहनीय भूमिका

चोर गिरोह की गिरफ्तारी में निरीक्षक जितेन्द्र ताम्रकार प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर, निरीक्षक परेश पाण्डेय प्रभारी क्राइम, सउनि किशोर सेठ, प्र.आर. कृपासिंधु पटेल, उपेन्द्र यादव, प्रमोद वर्टी, आर. दिलीप जांगड़े, प्रमोद बेहरा, केशव सिन्हा, संतोष सिन्हा, हिमांशु राठौर, टिकम साहू, लालेश नायक, सहित टीम के बाकी सदस्यों की अहम भूमिका रही।

सीसीटीवी में चेहरे दिखे और खुलासा

बड़ी चोरी की शिकायत पर एसएसपी संतोष सिंह ने गंभीरता से जांच के आदेश दिए। इसके बाद घटना स्थल पर जाकर पुलिस ने कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरा खंगाला। कुछ नकजनों के पुराने रिकार्ड भी निकलवाए। फुटेज देखने के बाद कुछ जगहों में आरोपियों की मौजूदगी होने का पता चला। फौरन पुलिस ने संदेह के आधार पर अविनाश को पकड़ा। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने वारदात को अंजाम देना बताया। दो साथियों का नाम भी उगल दिया।

खर्च के लिए एक लाख का बंटवारा

आरोपियों ने कारोबारी के यहां से महंगे जेवरात चुराए थे। चोरी के दौरान उन्हें नगदी एक लाख रुपये भी मिला। घर आने के बाद सभी ने गहने को छिपा दिया लेकिन कैश का बंटवारा कर लिया। इसी रकम से सभी अय्याशी करने में लगे थे।

मानस गान प्रतियोगिता से युवा पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति से जुड़ने का मिलता है अवसर - योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा के ग्राम मौहरेंगा, सोरला में मानस मण्डली द्वारा तीन दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। आयोजन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की मानस मंडलियों ने भाग लिया। यहां मानस मंडलियों ने प्रभु श्रीराम की महिमा का बखान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मानस गान प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्रों से आई मंडलिया प्रभु श्रीराम व रामायण के पात्रों का अपने मंचन के माध्यम से बखान करते हैं। जिससे आज की युवा पीढ़ी को अपने धर्म व संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन जरूरी है, ताकि पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे युवा पीढ़ी अपनी धर्म और संस्कृति को जाने।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एलआईजी-125 भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एलआईजी-125 श्रीमती सीमा तिवारी पति श्री मोहन लाल तिवारी को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 27/04/2012 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु 06/11/23 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री शशांक जैन पिता श्री नरेश जैन के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एलआईजी-126 भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एलआईजी-126 श्रीमती सीमा तिवारी पति श्री मोहन लाल तिवारी को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु 06/11/23 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री शशांक जैन पिता श्री नरेश जैन के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

आम सूचना
नाम परिवर्तन

मैं हीरा सिंह राजपूत पिता श्री बहोरन सिंह राजपूत उम्र 54 वर्ष निवासी सांई राम चौक गावर्धन नगर भनपुरी खमतरई 2, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे समस्त शालेय दस्तावेज में मेरा नाम कमलेश कुमार पिता बहोरन सिंह एवं ड्राइविंग लायसेंस (CG04198811304) में मेरा कमलेश कुमार पिता श्री बानो राम सिंह (BANO RAM SINGH) दर्ज है। मेरे आधार कार्ड (आधार नं. 5431 1976 8516) पेन कार्ड (पेन नं. DY MPR5789G) में मेरा नाम हीरा सिंह राजपूत दर्ज है। मेरा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा रायपुर इंडस्ट्रीयल स्टेट जिला रायपुर में सेविंग खाता है जिसका खाता नं. 72680100013175 है जिसमें मेरा नाम हीरा सिंह राजपूत है। मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम दुर्ग में पालिसी है जिसका पालिसी नं. 383195078 आरंभ तिथि 05/08/2003 परिपक्वता तिथि 05/08/2023 है जिसमें मेरा नाम कमलेश सिंह राजपूत (KAMLESH SINGH RAJPUT) पिता श्री बहोरन सिंह दर्ज है।

मैं हीरा सिंह राजपूत (HIRA SINGH RAJPUT) पिता श्री बहोरन सिंह राजपूत के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता हूं एवं मैं अपनी सभी शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में अपना सही एवं वास्तविक अपने वास्तविक एवं सही नाम हीरा सिंह राजपूत (HIRA SINGH RAJPUT) पिता श्री बहोरन सिंह राजपूत दर्ज करवाना चाहता हूं।

अतः इस प्रकाशन के बाद मेरा सही व वास्तविक नाम हीरा सिंह राजपूत (HIRA SINGH RAJPUT) पिता श्री बहोरन सिंह राजपूत के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावें तथा सही नाम हीरा सिंह राजपूत (HIRA SINGH RAJPUT) पिता श्री बहोरन सिंह राजपूत मेरे समस्त स्कूल रिकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों व अभिलेखों में अंकित हो।

शपथकर्ता
हीरा सिंह राजपूत

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पक्षकार का नाम - श्री कमलकांत
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400027

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि श्री कमलकांत आ. श्री घनश्याम सिंह निवासी कुथरेल जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम कुथरेल प.ह.न 37 तह. व जिला दुर्ग	37/1	0.9000 हे.	आवासीय व्यवसायिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय नजूल अधिकारी, बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

आनलाईन क्र./202403210200112/
अ-20(3) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रवीण श्रीवास पिता स्व. मुन्नीलाल श्रीवास जाति नाई निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित भूखण्ड क्रमांक 342/2 क्षेत्रफल 25X13=325 वर्गफीट मकान/भूमि का राजीव गांधी आश्रय योजना पट्टा वर्ष 1998 में मेरी माता चन्दाबाई पति मुन्नीलाल जाति नाई निवासी बलौदाबाजार को शासन द्वारा प्रदाय किया गया था। पट्टा धारिका चन्दाबाई पति मुन्नीलाल जाति नाई की मृत्यु दिनांक 30.01.2022 में ही जाने के कारण उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा पट्टे की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 15.04.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
बलौदाबाजार

न्यायालय नायब तहसीलदार पिथौरा जिला-महासमुंद (छ.ग.)

रा.मा.क्र. वर्ष ग्राम --प.ह.नं.
रा.नि.मं. सांकरा/ पिथौरा
तह. पिथौरा जिला महासमुंद

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण गराम अनसुला के आम नागरिक को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण पिता धोबाराम जाति रावरा साकिन अनसुला रा.नि.मं. सांकरा/ पिथौरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा अपने मां शशीमुखी के दिनांक 18/9/2022 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15 दिवस को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर/दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर/ दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/04/2024 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202402104300022
अ-2/ वर्ष 2024
ग्राम-जामुल, प.ह.नं 01, तहसील भिलाई 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ममता पति रमन यादव, जाति- यादव, निवासी- सेक्टर 11, खुर्सीपार भिलाई, द्वारा ग्राम-जामुल, प.ह.नं 01, रा.नि.मं.-जामुल, तहसील भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ख.नं. 582/63 रकबा 0.019 हे. भू-राजस्व 0.03 रूपये को आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 29.02.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 29.02.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-03

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./82/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24

आवेदक विवेक कुमार मिश्रा आ. स्व. आर.पी.मिश्रा निवासी जवाहर नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट कमांक 86 का प्लट नं. 4/2 एवं शीट कं. 87 का प्लाट नं. 1/3 में से भूखंड कं. 245 क्षेत्रफल 162.64 वर्गमीटर भूमि तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जवाहर नगर दुर्ग द्वारा आवेदक के पिताजी आर.पी. मिश्रा आ. स्व. आर.एन. मिश्रा को आबंटित किया गया था। आबंटिती आर.पी. मिश्रा की दिनांक 23.08.2017 को मृत्यु हो चुकी है। आबंटिती मृतक आर.पी. मिश्रा द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 07.10.2013 को आवेदक के पक्ष में रजिस्टर्ड दान पत्र निष्पादित किया है। तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जवाहर नगर दुर्ग द्वारा आवेदक को उप पट्टा प्रदत्त किया गया है। आवेदक द्वारा प्राप्त उक्त दानशुदा भूखण्ड को स्वयं के नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.04.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
नजूल जांच अधिकारी,
दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं. 202403100400408/
अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विजय कुमार सिंह आ./पति शेषनाथ सिंह निवासी रिसाली के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम-खेदामारा प.ह.नं. 11 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 864/45 रकबा 0.012 हे. 1320 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
मामले की श्रेणी - राजस्व

संदर्भ : जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324430103900073

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी खोरबाहरिन बाई ध.प. महेश कुमार यादव पिता/पति पता-दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 742/3 (0.0070) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कमलनारायण यादव पिता/पति स्व. महेश कुमार यादव पता- गिरधारी नगर दुर्ग, राजूलाल यादव पिता/पति स्व. महेश कुमार यादव पता-गिरधारी नगर दुर्ग, लता यादव पिता/पति स्व. महेश कुमार यादव पता- गिरधारी नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2024 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
तहसील दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202404100700009
अ-74 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक राजेश कुमार पिता चन्द्रपाल निवासी ग्राम केलाबाड़ी तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 762/15 रकबा 0.0120 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

गोबर घोटाला करने वाले कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत होगी जप्त-नीलू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि ए लड़की नेतागिरी मत कर कहने वाले लोग अब नारी न्याय गारंटी योजना बना कर आमजनों से वोट मांग रहे है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की घोटालो से सुसज्जित सरकार का हाल पूरे प्रदेश ने देखा है, अभी होने वाले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का यही हाल होना है, जिस प्रकार से भूपेश बघेल ने लगातार राजनांदगांव की अनदेखी की थी, उसे जनता भूली नहीं है, और सीधा भूपेश बघेल को वापस पाटन भेजने को तैयार बैठी है। राजनांदगांव जिले को अव्यवस्थित तरीके से छिन्न-भिन्न करने वाले श्री बघेल ने दो नए जिले तो बना दिए, किन्तु उन जिलों में अधोसंरचना हेतु संशाधनों के किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की उलटे प्रमुख कार्यालय के विभाजन को लेकर नागरिको में रोष की स्थिति उत्पन्न कर दी।

एसपी के निर्देश पर होटल, ढाबा और वाहनों की सघन जांच जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा होटल, ढाबा एवं वाहनों की सघन जांच, अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौंकी प्रभारियो व स्टॉफ द्वारा होटल, ढाबा एवं वाहनों की सघन जांच की जा रही। पेट्रोलिंग पार्टिया भी गश्त में लगी है शहर के प्रमुख चौराहो में वाहनों की जांच शुरू कर दी हैं।

एटीएम, बैंकों के आस-पास की जा रही चेंकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफके द्वारा जिले के बैंको व एटीएम एवं बैंको के आस-पास की जा रही लगातार चेंकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा है जिसमें बैंक के अंदर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की जानकारी रखने, बैंके अंदर और बाहर लगे कैमरे चालू स्थिति में हो, बैंक का खुलने और बंद होने का निर्धारित समय हो, बैंक का सायरन चालू अवस्था में हो, बैंक अधिकारियों के पास निकटतम थाना/पुलिस कंट्रोल रूम/आपातकालीन नंबर मौजुद हो तथा बैंक पटल पर लिखे हो, बैंक में प्रवेश करने वाले व्यक्ति चेहरा ढककर/हेलमेट पहन कर अथवा स्कार्फ पहन कर न आये, इस पर विशेष ध्यान देने एवं आवश्यक रूप से बैंक के बाहर नोटिश बोर्ड चश्पा किया जाए। रात्रि में बैंक परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो।

पूर्व सैनिक परिषद् ने अग्निवीर के लिए अभ्यास परीक्षा ली

कोंडागांव , जिले से अधिक से अधिक संख्या में युवक एवं युवतियां अग्निवीर और जिला पुलिस बल में चयनित हो सके इसके लिए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रहे युवक एवं युवतियों का डीएनके मैदान में अग्निवीर और छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक की लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए अभ्यास परीक्षा लिया गया जिसमे 450 युवक एवं युवतियों ने भाग लिया द्य पूर्व सैनिकों के द्वारा युवक एवं युवतियों को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के साथ साथ लिखित परीक्षा का भी अभ्यास कराया जा रहा है।

ब्लैकमेलिंग और डर्टी गेम : हनीट्रैप गैंग के 3 और जेल गए

■ हुस्न का जाल बिछाकर लोगों को फंसाते थे जालसाज

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पुलिस को सेक्स स्कैण्डल मामले में एक बड़ी सफलता मिली है और इस कांड में सम्मिलित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में रिमांड के लिए पेश किया है. वहीं एक आरोपी की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है. अभी भी 4 नामजद सहित अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी पुलिस की टीम तलाश में लगी है.

मामले का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने बताया कि बलौदाबाजार मे चर्चित सेक्स स्कैण्डल मामले में पुलिस ने 3 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे पूछताछ के लिए रिमांड के लिए न्यायालय में पेश कर रहे हैं. आरोपियों में एक आरोपी पहले ही पुलिस ने पकड़ लिया था, जिसका नाम महान मिश्रा है. आज 3 आरोपियों को पकड़ा गया है, जिसमें दो महिला दुर्गा टंडन, रवीना टंडन और प्रत्युष मरैया उर्फ मोन्टी है।

उन्होंने ये भी बताया कि मामले के अभी भी 4 सहित अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी पुलिस टीम सरगर्मी से तलाश कर रही है और बहुत जल्द पकड़ने में कामयाब हो जाएंगे. फरार आरोपियों में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा के विधायक प्रतिनिधि रहे शिरीष पांडे सहित दो महिला और एक पत्रकार भी शामिल है. जिसने खबर प्रकाशित नहीं करने के एवज में पैसा लिया है.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बलौदाबाजार जिले के लोगों से अपील की है कि जो इस तरह की चीजों से पीड़ित हैं या जिनको इस तरह के मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है वे तत्काल बलौदाबाजार पुलिस को मामले की जानकारी दें।

बता दें कि बलौदाबाजार में सेक्स स्कैण्डल मामले में काफी लोग फंसे हुए हैं और जिनसे आरोपियों ने पुलिस और घटना का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लाखों रूपये की वसूली की है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के अनुसार अभी तक 41 लाख का मामला सामने आया है और ये फरार आरोपियों के पकड़े जाने के बाद और भी बढ़ सकता है. पुलिस की संलिप्तता पूछे जाने पर कहा कि अभी मुख्य आरोपी फरार है, जिसके आने के बाद यदि साबित होता है और संलिप्तता पाई जाती है तो उन पर भी कार्रवाई होगी।

...भूपेश का मास्टर प्लान, 200 नामांकन खरीदे गए

■ तो ईव्हीएम की जगह बैलेट पेपर से होगा लोकसभा चुनाव!

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है. सियासी दल जाल बुनने में लग गए हैं. नेता वो हर फार्मूले की तलाश में हैं, जो उन्हें जीत के करीब लेकर जाएं. ऐसा ही एक फार्मूला पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कुछ दिनों पहले अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दिया था. भूपेश बघेल ने खुले मंच से कार्यकर्ताओं से कहा था कि, चुनाव ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से हो सकते हैं. इन सबके बीच राजनांदगांव लोकसभा सीट में एक दिन में 200 से अधिक लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है. ऐसे में ये माना जा रहा है कि बैलेट पेपर से लोकसभा चुनाव कराने की मंशा है.



बता दें कि, बुधवार यानी 3 अप्रैल को राजनांदगांव लोकसभा सीट से 210 लोगो ने नामांकन फार्म खरीदा है. कल 4 अप्रैल को नामांकन का आखरी दिन है. इस सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है. ऐसे में नामांकन भरने की अंतिम डेट से पहले लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए फार्म लेने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में लम्बी लाइन देखने को मिली. जानकारी के अनुसार, अब तक 19 आवेदन चुनाव आयोग में प्रत्याशियों ने जमा करवा दिया है.

जानकारी तो ये भी सामने आ रही है कि भूपेश बघेल ने 400 से अधिक नामांकन भरवाने की रणनीति बनाई है. ऐसे में कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा नामांकन फार्म खरीदने को कहा गया है. इतना ही नहीं भूपेश बघेल ने दुर्ग के कार्यकर्ताओं से भी यही बात कही है.

दरअसल, कुछ दिनों पहले पाटन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दुर्ग जिले के पाटन से विधायक और राजनांदगांव से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया था. भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं से कहा था कि, चुनाव ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से हो सकते हैं. लेकिन इसके लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को तैयार रहना होगा. सभी कार्यकर्ता चुनाव के लिए नामांकन करेंगे तो ईवीएम की संख्या कम पड़ जाएगी और ऐसे में यदि एक सीट से 384 से अधिक प्रत्याशी हुए तो वहां चुनाव ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव होगा. ऐसे में कांग्रेस की जीत निश्चित है।

आज नामांकन दाखिल करेंगे संतोष पांडे सीएम समेत कई मंत्री और नेता मौजूद रहेंगे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पहले एक नामांकन दाखिल कर चुके भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे चार अप्रैल को नामांकन रैली निकालने जा रहे हैं। रैली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नवीन के अलावा राज्य के कई मंत्री भी शामिल होंगे। उसके दो दिन बाद यानी छह अप्रैल को कवर्धा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा होगी। गृह मंत्री विजय शर्मा ने पीसी में भाजपा के चुनावी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे चार अप्रैल को नामांकन भरेंगे। इसके लिए लखोली नाका के समीप शिवनाथ वाटिका में आमसभा होगी। वहीं से रैली निकलेगी। इसमें प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नवीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य व प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी भी रैली-सभा में शामिल होंगे। बीजापुर में हुई नक्सली घटना के संदर्भ में गृह मंत्री शर्मा ने कहा कि जवान आम जनों की सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र में तैनात हैं। दो दिन पहले जवानों ने छह नक्सलियों को ढेर किया था। नक्सली भाजपा नेताओं को निशाना बना रहे हैं। भाजपा सरकार की योजना है कि बस्तर के गांव गांव तक शासन की योजना पहुंचे। साथ ही बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, सड़क, आंगनबाड़ी जैसी सभी की सुविधा मिले।

सभी संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे से अवैध शराब और कैश पर नजर

धमतरी/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए धमतरी जिले की सीमा से लगे सभी संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं. इसका कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट में बनाया गया है. जहां से 24 घंटे जिले के सीमा पर आने वाली हर गाड़ियों, शराब दुकानों और संवेदनशील केंद्रों पर नजर रखी जा रही है। जिले की सभी शराब दुकानों पर नजरः धमतरी कलेक्ट्रेट में बने कंट्रोल रूम में शहर भर में लगे कैमरे 24 घंटे लाइव तस्वीरें भेज रहे हैं। जिन्हें एक क्लिक पर देखा जा सकता है। इसी तरह सभी शराब दुकानों की भी निगरानी की जा रही है. जिससे शराब या अवैध रकम के जरिए चुनाव को प्रभावित करना आसान नहीं होगा. धमतरी के उप जिला निर्वाचन अधिकारी जी आर मरकाम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हर जिले में एक-एक सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाया गया है. इसका मुख्य उद्देश्य चुनाव में पारदर्शिता लाने के साथ शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराना है. इसके लिए सीसीटीवी से पूरे जिले की निगरानी रखी जा रही है। पूरे जिले में सीसीटीवी से नजरःधमतरी जिले की सभी 27 शराब दुकानों को सेंट्रल कंट्रोल रूम से जोड़ दिया गया है। 11 सर्विलांस टीम को भी जोड़ा गया है. लाइव देख रहे हैं, इसकी रिकॉर्डिंग भी हो रही है।

परिवहन सुविधा केंद्र में 355 की जगह वसूले जा रहे 1800

बना वसूली का अड्डा, ऐसे ऐंठे जा रहे ज्यादा रुपए

बालोद/नवप्रदेश। बालोद में लाइसेंस बनाने के नाम पर परिवहन सुविधा केंद्रों ने दुकानदारी खोल ली है. तय निर्धारित शुल्क से कई गुना पैसे अधिक लिए जा रहे हैं. परिवहन सुविधा केंद्र अवैध वसूली का अड्डा बन चुका है. लर्निंग लाइसेंस के नाम पर 400 रुपये और परमानेंट लाइसेंस के नाम पर 2500 रुपये शुल्क के नाम पर अधिक लिए जा रहे हैं. परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, लर्निंग लाइसेंस के लिए 355 रुपये और परमानेंट लाइसेंस के लिए 1050 रुपये का शुल्क हैं जो ऑनलाइन कटता है. अगर परिवहन सुविधा केंद्र से करवाते है तो 50 रुपये अधिक देने होंगे, जो दस्तावेज और प्रिंट के नाम पर लिया जाता है।

परिवहन विभाग की अवैध वसूली पर लगाम नहींः यानी कि लर्निंग लाइसेंस का कुल 405 और परमानेंट लाइसेंस का कुल 1100 रुपये शुल्क है, लेकिन परिवहन सुविधा केंद्रों में मनमानी की जा रही है. लर्निंग लाइसेंस के नाम पर 600 से 1400 रुपये और परमानेंट लाइसेंस के लिए 3000 से 4000 रुपये तक बतौर शुल्क के नाम पर डिमांड की जा रही है. इतना ही नहीं अगर कोई 40 उम्र के ऊपर है, तो उनसे मेडिकल सर्टिफिकेट के नाम पर 250 रुपये और लिए जा रहे हैं. सीधे सीधे लोगों के जेब मे डाका डाला जा रहा है. लर्निंग लाइसेंस के लिए निर्धारित फीस से 250 से 500 रुपये तक और परमानेंट लाइसेंस के लिए निर्धारित शुल्क से 1800 से 2500 रुपये अधिक की मांग की जा रही है. जिले में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। 6 फरवरी को जिला मुख्यालय बालोद के जयस्तंभ चौक पर स्थित यातायात कार्यालय के पास परिवहन और पुलिस विभाग द्वारा सयुंक्त रुप से लर्निंग लाइसेंस बनाने शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें करीबन 700 वाहन चालकों के लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन जमा हुए थे।

इधर जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे ने बताया कि परिवहन सुविधा केंद्रों में निर्धारित शुल्क लेना है. ये केंद्र अधिक शुल्क नहीं ले सकते. 6 फरवरी को शिविर में ही लाइसेंस बनाना था, सर्वर बंद के कारण नहीं बन सका. तो सभी आवेदनों को लेकर नजदीकी परिवहन सुविधा केंद्रों में दे दिए और इसकी जानकारी आवेदनकर्ताओं को दे दी गई थी. लर्निंग लाइसेंस का ऑनलाइन शुल्क 355 रुपये और परमानेंट लाइसेंस का 1050 रुपये है। परिवहन सुविधा केंद्रों में 50 से 60 रुपये दस्तावेज और प्रिंट का अतिरिक्त लेते हैं। इससे ज्यादा नहीं ले सकते हैं। अगर ज्यादा लिया जा रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस अपने को संविधान व कानून से ऊपर न समझे : भाजपा

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव। भारतीय जनता पार्टी शहर दक्षिण मंडल के अध्यक्ष तरुण लहरवानी, उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा एवं ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष रोहित चंद्राकार ने पिछले दिनों कांग्रेस के स्थानीय नेताओं द्वारा देश के आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी के खिलाफ टेक्स चोरी के मामले में की गई कार्यवाही के विरुद्ध मसाल रैली पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की कांग्रेस का यह कार्य उनकी हताशा एवं निराशा को प्रकट करता हैं। देश कानून व संविधान से चलता हैं, जिसकी देख.रेख न्याय पालिका करती हैं। पिछले 6 दशक तक देश में एक छत्र राज करने वाली कांग्रेस पार्टी व उसके नेताओं को यह भ्रम हो गया था कि वे देश व संविधान से भी ऊपर हैं, जिसकी वजह से राजनैतिक पार्टी के रूप में देश के प्रति अपने कर्तव्यों को तो भूल ही गए थे, तथा कानून व नियमों की भी धज्जियां उड़ाया करते थे। जब देश में मोदी जी की सरकार का अभ्युदय हुआ तब से देश को कानून व संविधान से चलाने की कोशिश हो रही हैं। कानून से बड़ा कोई नहीं हैं, इस दृष्टिकोण को सामने रखकर सरकारी एजेंसियों को खुली छूट दी गई और एजेंसियां कानून का राज स्थापित करने के लिए दोषियों पर कार्यवाही करना प्रारंभ किया तो कानून व संविधान से अपने आपको ऊपर समझने वाले लोगों के पेट में दर्द होना स्वाभाविक हो गया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भाजपा नेताओं ने आगे कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मोदी जी की जीरो टारलेस नीति से भ्रष्टाचारी भयभीत व परेशान हैं। ईडी व आईटी के छापों में करोड़ों-करोड़ नगद बरामद हो रहें हैं, भ्रष्टाचारी जेल के सीखचों में बंद दिखाई दे रहें हैं।

युवाओं के भविष्य से खेल गए पूर्व सीएम : रवि

कवर्धा/नवप्रदेश। आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी में जुटी भारतीय जनता पार्टी अब मोर्चा प्रकोष्ठ स्तर पर भी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने में लगी है । इसी कड़ी में भाजयुमो ने राजनांदगांव लोकसभा के लिए विधानसभा स्तरीय बैठक आहूत किया था । स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में युवाओं ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे की जीत सुनिश्चित करने रणनीति बनाई । बैठक में युवाओं को चार्ज करने पहुँचे भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने युवाओं को कहा इतिहास गवाह है जब जब युवा शक्ति कुछ ठान लेता है तो वह मकसद में कामयाब हो जाता है । उन्होंने कहा वैसे तो लोकसभा चुनाव देश का चुनाव है मोदी जी के 10 वर्षो में भारत ने जिस गति से विकास किया है देश के एक एक हितग्राहियों तक शासन के योजनाओं को पारदर्शी ढंग से पहुँचाया है और देश में ऐतिहासिक निर्णय वाले कानून लाये हैं वे जनता के बीच जाने के लिए और कमल खिलाने के लिए पर्याप्त है किंतु राजनांदगांव लोकसभा का चुनाव छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए अलग कारण से महत्वपूर्ण हो गया है यह समय है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बदला लेने का हिसाब माँगने और हम यही करने जा रहे है जिनके नेतृत्व में पीएससी घोटाला हुआ,जिनके नेतृत्व में महादेव सट्टा एप के चलते सैकड़ो युवा बुरी लत में अपना घर बरबाद कर बैठे ,हजारों युवा जिन्हें बेरोजगारी भत्ता के नाम पर 5 साल ठगा गया वे युवा अब अपना हिसाब माँगेगे । पुछेंगे आप किस मुँह से युवाओं से वोट माँगने जाओगे जिनका पूरा भविष्य तुमने भ्रस्टाचार की भेट चढ़ा दी ।

चित्रकोंडा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमों ने दिखाई प्रतिभा

18 दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। 31 मार्च को एएम/एनएस इंडिया के सहयोग से चित्रकोंडा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह आयोजित किया गया।इस टूर्नामेंट में 16 गांवों की टीमों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें अधिकांश पाइपलाइन क्षेत्रों के युवा भी शामिल थे जिन्हें इस टूर्नामेंट के द्वारा अपनी प्रतिभाओं के प्रदर्शन का अवसर मिला।

इस समापन समारोह के दौरान चित्रकोंडा प्लांट प्रभारी श्री प्रवीण पी. द्वारा विजेताओं, धावकों एवं व्यक्तिगत खिलाड़ियों को ट्रॉफी का वितरण किया गया। समापन कार्यक्रम में श्री कृष्ण राव और श्री जी.प्रधान जी उपस्थित रहें। समापन समारोह के अंत में खेल और युवा क्लब सहित चित्रकोंडा के युवाओं द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिए एएम/एनएस इंडिया को धन्यवाद दिया गया।एएम/एनएस इंडिया कंपनी किक्रेट टूर्नामेंट्स जैसे विभिन्न खेलों के द्वारा पाइपलाइन गांवों में रहने वाले युवाओं को समाज में आगे लाने एवं प्रोत्साहित करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। इनके द्वारा लगातार किये जा रहे विकास कार्यों में विशेष रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, स्पोर्ट्स एवं रोजगार के क्षेत्र शामिल हैं।एएम/एनएस इंडिया के सामाजिक उत्थान के कार्यों, स्पोर्ट्स एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ पहुंचाना है।

पुलिस ने की कोचिए से शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी संबलपुर को 31 मार्च को सूचना मिला कि ग्राम बेलटुकरी मोड के पास एक व्यक्ति सफेद प्लास्टिक रंग के बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा हैं की सूचना पर मौके पर पहुच कर सूचना के अधार पर कार्यवाही किया गया। जिसमें पुलिस चौकी संबलपुर थाना नवागढ में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 कोचिये जालेश्वर वर्मा पिता भुरवा वर्मा उम्र 23 साल साकिन गोढीकला थाना नवागढ जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचिये से कुल 18 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 1440 रूपये, बिक्री रकम 500 रूपये, कुल जुमला रकम 1940 रूपये को जप्त किया।

जोखिम नीचे उतारने हलाकान होते रहे पुलिसकर्मी, लगातार प्रयास के बाद नीचे उतरा

नशे में धुत्त युवक का ड्रामा, 11 हजार केव्ही लाइन में चढ़ बैठा

जगदलपुर/नव प्रदेश। जिले के भानपुरी में नशे में धुत एक युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला. युवक सुबह करीब 6 बजे 11,000 केवी लाइन के खंभे पर चढ़ गया. ग्रामीणों ने उसे उतारने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उतरा तो लोगों ने 112 को कॉल किया. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 की टीम ने भी बहुत कोशिश की नीचे उतारने की, लेकिन फिर भी युवक नहीं उतरा. इसके बाद खदान से 112 के जवान टिप्पर मंगवाए, जिसकी मदद से युवक को खंभे से नीचे उतारा गया. फिलहाल युवक सुरक्षित है. बताया जा रहा है कि जिस वक्त यह युवक खंभे पर चढ़ा उस समय उस लाइन में बिजली नहीं दौड़ रही थी. मंगलवार शाम 5 बजे से ही भानपुरी इलाके में ट्रांसफार्मर प्रॉब्लम की वजह से बिजली गुल थी. उसी वक्त यह युवक बिजली खंभे पर चढ़ गया।

हालांकि युवक को नशे में होना बताया जा रहा है. जब युवक खंभे पर चढ़ा उस वक्त सीएसबीसी को सूचित किया गया ताकि बिजली चालू ना हो. इस ड्रामा के बीच जब युवक खंभे से नहीं उतरा तो टिप्पर को बुलाया गया, जिसके माध्यम से युवक को खंभे से नीचे उतारा गया. हालांकि पुलिस के पूछताछ पर युवक कुछ नहीं बता रहा है कि वह क्यों खंभे पर चढ़ा था.

श्रमिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहन

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले का हर वर्ग अपने-अपने स्तर पर लोकसभा चुनाव के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान हेतु लोगों को जागरूक कर रहा है। इसी कड़ी में श्रम विभाग के तहत जिले में अर्जुनी स्थित पीबीएस ऑइल मिल और ग्राम भोयना स्थित ईंट भट्ठे में कार्यरत 300 से अधिक श्रमिकों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान नारे एवं स्लोगन भी प्रदर्शित किये गये।श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इन संस्थानों में आसपास के गांवों से आए श्रमिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित कर अपील की गई कि परिवार के लोगों को भाग लेने कहें।

सोना पहली बार 69 हजार के पार चांदी भी 77,664 तक उछली

नई दिल्ली। सोना और चांदी ने आज यानी 3 अप्रैल को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के मुताबिक, कारोबार के दौरान 10 ग्राम सोना 295 रुपए महंगा होकर 69,256 रुपए का हो गया। इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 5,954 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था।चांदी में भी आज ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। ये 1,537 रुपए महंगी होकर 77,664 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले ये 76,127 रुपए पर थी। चांदी ने इससे पहले बीते साल, यानी 2023 में 4 दिसंबर को 77,073 का ऑल टाइम हाई बनाया था। 2024 में दुनियाभर में मंदी की आशंका, शादी के सीजन से सोने की डिमांड बढ़ी, दुनियाभर के केंद्रीय बैंक सोना खरीद रहे,जियोपॉलिटिकल टेंशन बनी हुई हैं। बीते महीने यानी मार्च में सोने की कीमत में शानदार तेजी देखने को मिली थी। 1 मार्च को सोना 62,592 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 मार्च को 67,252 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी मार्च में इसकी कीमत में 4,660 रुपए की तेजी आई। वहीं चांदी भी 69,977 रुपए से बढ़कर 74,127 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 72 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी भी 75 हजार प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (ब्हृस) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत एक अप्रैल से छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होगा। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ॥ढ्ढष्ठ कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है-ñ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव हो गया है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च में 53,000 गाड़ियां बेचीं

वित्त वर्ष 23 की तुलना में रिकॉर्ड 115%, वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 24 समाप्त हुआ

बेंगलुरु। ओला इलेक्ट्रिक ने आज घोषणा की है कि उसने मार्च महीने में 53,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन (वाहन पोर्टल के अनुसार) दर्ज किए, जो लगातार पांचवें महीने में फिर से सबसे अधिक मन्थली वॉल्यूम है। कंपनी ने वित्त वर्ष 23 की तुलना में वित्त वर्ष 24 में 115त्न की वार्षिक वृद्धि हासिल की, जिसमें 328,785 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं, जबकि वित्त वर्ष 23 में 1,52,741 यूनिट्स रजिस्टर्ड थीं। मार्च में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ, कंपनी ने महीने के दौरान अपने अग्रणी मार्केट शेयर को बनाए रखा और पिछली तिमाही में 84,133 यूनिट्स की तुलना में क्यू4 वित्त वर्ष 24 के दौरान पंजीकृत 119,310 यूनिट्स के साथ 42त्न क्वार्टरली वृद्धि दर्ज की।ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अंशुल खंडेलवाल ने कहा- मार्च में रजिस्ट्रेशन के 53,000 मार्क को पार करने के साथ साथ वित्त वर्ष 24 का अंत इससे बेहतर नहीं हो सकता था। पिछला वर्ष हमारे साथ-साथ ईवी इंडस्ट्री के लिए भी महत्वपूर्ण रहा है, और हम वॉल्यूम वमार्केट शेयर दोनों में लगातार वृद्धि दर्ज करते हुए पूरे वित्तीय वर्ष में मार्केट लीडर रहे हैं। हमने अकेले क्यू4वित्त वर्ष 24 में लगभग 1.20 लाख रजिस्ट्रेशन्स दर्ज किए हैं, जो हमारे मजबूत स्कूटर पोर्टफोलियो कोदर्शाता है, और हमारा लक्ष्य विकास पथ की ओर बढ़ना व भारत की इलेक्ट्रिफिकेशन जर्नी में और योगदानरखना है।ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में ईवी को अपनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के प्रयास मेंप्रोडक्ट्स, सर्विसेस, चार्जिंग नेटवर्क और बैटरी वारंटी जैसे इनिशिएटिव की एक सीरीज की घोषणा की है।एस1 एक्स(4के डवलुएच) के लॉन्च के साथ, ओला इलेक्ट्रिक का पोर्टफोलियो अब बढ़कर छह प्रोडक्ट्स(एस1 प्रो, एस1एयर, एस1 एक्स +, एस1 एक्स- 2 के डवलुएच , 3के डवलुएच , 4के डवलुएच) का हो गया है जो अलग-अलग कीमतों पर और अलग-अलग रेंज के ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करती है।ओला इलेक्ट्रिक ने बिना किसी अतिरिक्त चार्ज के अपने प्रोडक्ट्स की पूरी श्रृंखला के लिए 8 साल/80,000किमी की एक्सटेंडेड बैटरी वारंटी भी लॉन्च की, ओला इलेक्ट्रिक का मानना है कि यह कदम वाहनों केजीवनकाल को बढ़ाकर ईवी अपनाने में आने वाली बाधाओं में से एक का समाधान करता है। ग्राहक अबऐड-ऑन वारंटी का विकल्प भी चुन सकते हैं और 4,999 रुपये की मामूली स्टार्टिंग प्राइस पर ट्रैवल किएगए किलोमीटर की ऊपरी सीमा को 125,000 किमी तक बढ़ा सकते हैं। ओला इलेक्ट्रिक 3केडवलु कापोर्टेबल फास्ट चार्जर एक्सेसरी भी ऑफर करता है और इसे आप 29,999 रुपये में खरीद सकते हैं।

मधु अरोड़ा ने प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल संचार आयोग के रूप में पदभार संभाला

नयी दिल्ली (आससे)। मधु अरोड़ा ने भारत सरकार के दूरसंचार विभाग में सदस्य, प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल संचार आयोग के रूप में पदभार संभाल लिया है। इस विभाग को पहले दूरसंचार आयोग के रूप में जाना जाता था। मधु अरोड़ा ने 1 अप्रैल को यह जिम्मेदारी संभाली। इस पद पर नियुक्ति से पहले, मधु अरोड़ा भारत सरकार में डीओटी में सलाहकार लाइसेंसिंग के पद पर तैनात थीं। सितंबर 2021 से जनवरी 2024 तक सीजीएम टेलीकॉम पश्चिम बंगाल के रूप में उनका 2.5 साल का जीवंत कार्यकाल रहा। मधु अरोड़ा आईटीएस के 1986 बैच की टॉपर हैं। उनका 36 वर्षों से अधिक का शानदार करियर है और अकादमिक उत्कृष्टता के रिकॉर्ड उनके पास हैं, जिसमें दसवीं कक्षा की अखिल भारतीय सीबीएसई परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान और आईटीएस 1986 बैच की टॉपर शामिल हैं। मधु अरोड़ा के पास दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार में बीई,

क्लॉसलैंड विश्वविद्यालय से एमबीए और दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से एलएलबी और शीर्ष रैंक के साथ कई डिग्रियां हैं। उन्होंने नोडल प्रिंसिपल जीएम के रूप में बिजनेस लाइन पर बीएसएनएल के पुनर्गठन में बहुत योगदान दिया। उनकी पहचान एक गतिशील, केंद्रित और सहानुभूतिपूर्ण नेता के रूप में हैं।

विश्व बैंक ने 2023-24 के लिए जीपीडी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाकर किया 7.5%

नई दिल्ली। विश्व बैंक ने कहा है कि वित्त वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। वर्ल्ड बैंक ने पहले के अनुमान में 1.2 प्रतिशत तक संशोधन किया है। नया अनुमान अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान देश की जीडीपी में 8.4 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के बाद आई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जनवरी-मार्च तिमाही में अर्थव्यवस्था 8 प्रतिशत की विकास दर से बढ़ने की राह पर है।

हालांकि, वित्त वर्ष 2025 में विकास दर धीमी होकर 6.6 प्रतिशत हो जाएगी। मध्यम अवधि में, भारत में राजकोषीय घाटा और सरकारी ऋ्रण में गिरावट का अनुमान है, जो मजबूत जीडीपी वृद्धि से समर्थित है। 2 अप्रैल को जारी अपने नवीनतम अपडेट में विश्व बैंक ने दक्षिण एशिया के लिए स्वस्थ विकास दर की भविष्यवाणी की, जिसका श्रेय मुख्य रूप से भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था को जाता है।

रिपोर्ट बताती है कि 2025 में 6.1 प्रतिशत की अनुमानित विकास दर के साथ अगले दो वर्षों तक दक्षिण एशिया सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र बनेगा। बांग्लादेश में 2024-25 में उत्पादन में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में 2.3 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। उधर श्रीलंका की जीडीपी में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर का बिल्कुल नया अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च

मुंबई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया, जो भारत में इसकी मजबूत और बहुमुखी एसयूवी श्रृंखला में नया शामिल हुआ गतिशील और मजबूत वाहन है। ए-एसयूवी सेगमेंट में कंपनी के पुनः प्रवेश को चिह्नित करते हुए, ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर आधुनिक स्टाइलिंग,

अत्याधुनिक सुविधाओं और उन्नत प्रौद्योगिकियों से प्राप्त प्रतिष्ठा की भावना प्रदान करने के लिए तैयार है। यह इसे भारतीय ग्राहकों के लिए एक आदर्श विकल्प भी बनाता है। नया उत्पाद एसयूवी श्रेणी में कंपनी की मजबूत उपस्थिति को और मजबूत करता है।

ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर 1.0 लीटर टर्बो, 1.2 लीटर पेट्रोल और ई-सीएनजी विकल्पों में उपलब्ध है। 1.0 लीटर टर्बो 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध है, इस प्रकार यह उन ग्राहकों के लिए एक बहुमुखी विकल्प प्रदान करता है जो पावर और प्रदर्शन दोनों को प्राथमिकता देते हैं। यह 1.2 लीटर पेट्रोल 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और इंटेलिजेंट गियर शिफ्ट (आईजीएस) में आता है और 1.2 लीटर ई-सीएनजी 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन में भी उपलब्ध है।

खेल, मनोरंजन

पॉइंट्स टेबल में राजस्थान रॉयल्स टॉप पर बरकरार

कोहली ने सबसे ज्यादा रन बनाए, मुस्तफिजुर रहमान को पर्पल कैप

स्पोर्ट्स डेस्क। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 में 15 मुकाबले खेले जा चुके हैं। मंगलवार को बेंगलुरु में खेले गए मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स (LSG) ने रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु को (RCB) को 28 रन से हरा दिया। बेंगलुरु को उसके होम ग्राउंड पर लगातार दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। स्र्स्न ने मौजूदा सीजन में लगातार दूसरी जीत हासिल की। इस जीत से लखनऊ पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर आ गई है, जबकि बेंगलुरु नौवें नंबर पायदान पर है। वहीं राजस्थान रॉयल्स टॉप पर बरकरार है।बेंगलुरु की ओर से 22 रन बनाने वाले विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर हैं। कोहली ने राजस्थान के रियान पराग (181 रन) को पीछे छोड़ा। वहीं, ष्टस्य के मुस्तफिजुर रहमान कुल 7 विकेट के साथ पर्पल कैप होल्डर हैं। हर टीम 14 मुकाबले खेलेंगी। टीम को हर जीत पर 2 पॉइंट्स मिलेंगे। प्लेऑफ के लिए टॉप-4 टीम क्वालिफाई करेंगी। टॉप-4 में अपनी जगह पक्की करने के लिए टीम को 14 में से 8 मैच जीतने होंगे। टॉप-2 पर फिनिश करने वाली टीम को फाइनल में जाने के लिए 2 मौके मिलेंगे।

पाकिस्तान दौरा.. न्यूजीलैंड टी20 टीम का ऐलान

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी और लाहौर में 17 से 27 अप्रैल तक होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए अनुभवी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को अपना कप्तान नियुक्त किया है।माइकल ब्रेसवेल, जो पहली बार टीम की कप्तानी करेंगे, पिछले साल मार्च से चोटिल होने के कारण बाहर थे। चोट से उबरने के बाद उन्होंने क्रिकेट में शानदार कमबैक किया।न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि ब्रेसवेल ने पिछले साल चोट से उबरने के लिए सराहनीय धैर्य और समर्पण दिखाया था।वेल्स ने कहा, माइकल को लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा है और उसे फिर से क्रिकेट खेलते हुए देखना रोमांचक है। एड़ी की चोट के बाद वह फिर से अच्छा खेल रहे हैं, यह उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है।वह एक अच्छा लीडर हैं। उनके पास वेलिंगटन के साथ-साथ न्यूजीलैंड ए और न्यूजीलैंड इलेवन टीमों की कप्तानी का अनुभव है, जिससे हमारा मानना है कि वह पाकिस्तान में टीम का नेतृत्व करने के लिए अच्छा विकल्प हैं। ब्रेसवेल उस टीम का नेतृत्व करेंगे जिसमें अनुभवी टी20 खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें पिछले टी20 विश्व कप टीम के सात सदस्य शामिल हैं। साथ ही दो युवा खिलाड़ी टिम रॉबिन्सन और विलियम ओरूर्के को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है।

मैदान का फाइनल ट्रेलर जारी, भारतीय फुटबॉल टीम कोच के किरदार में अजय



अजय देवगन पिछले काफी समय से अपनी बायोपिक फिल्म मैदान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।इस फिल्म की रिलीज काफी समय अटकी हुई थी तो अब यह जल्द दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है। इसी बीच अब अपने जन्मदिन पर अभिनेता ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर प्रशंसकों को तोहफा दिया है।ट्रेलर में भारतीय फुटबॉल टीम के कोच सैयद अब्दुल रहीम के किरदार में अभिनेता जच रहे हैं। अमित रविंद्रनाथ शर्मा द्वारा निर्देशित इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म के ट्रेलर में दिखाया है कि किसी को भी यकीन नहीं है कि भारत कभी फुटबॉल में जीत हासिल कर सकता है, लेकिन सैयद अपनी कोशिशों में जुटे हुए हैं।वह देश के कोने-कोने में जाकर खिलाड़ी ढूंढकर अपनी टीम बनाते हैं। इस दौरान उन्हें आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ता है, लेकिन वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते चले जाते हैं।फिल्म सैयद की निजी जिंदगी पर भी प्रकाश डालेगी।मैदान के ट्रेलर में अजय, सैयद के किरदार में दमदार लग रहे हैं तो उनकी पत्नी बनीं प्रियामणि का प्रशर्दन भी शानदार है।इसके अलावा गजराज राव भी कमाल के लगते हैं और अजय के साथ उनकी साझेदारी बढ़िया है।अजय की फिल्म भारतीय फुटबॉल टीम के 1952 से 1962 के सफर को दिखाएगी, जिस दौर को भारत का स्वर्ण युग कहा जाता था।इस दौरान सैयद टीम के कोच थे, जिन्होंने अपनी जीत के लिए खूब संघर्ष किया था।मैदान काफी पहले बनकर तैयार हो चुकी थी, लेकिन इसकी रिलीज तारीख में कई बार फेरबदल किया गया है।पहले कोरोना वायरस के चलते इसमें देरी हुई तो बाद में कई अन्य कारणों के चलते यह टल गई।अब फिल्म ईद के मौके पर 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में आएगी, जिस दिन अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी रिलीज होगी।

ओलंपिक में भागीदारी.. प्रशिक्षण के लिए तुर्की जाएंगे मुक्केबाज

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले मुक्केबाजों के तुर्की में प्रशिक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जबकि वैश्विक आयोजन के आगाज में अब बस कुछ ही महीने शेष हैं।

मंत्रालय ने कहा, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत एमवायएएस भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन, प्रीति पवार, परवीन हुडा और लवलीना बोरगोहेन के साथ-साथ दो कोचों और एक फिजियो को तुर्की में एक विशेष विदेशी प्रशिक्षण शिविर के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

मुक्केबाजों के अलावा, एमओसी ने पांच टॉप्स पहलवानों के लिए विदेशी प्रशिक्षण शिविरों को भी मंजूरी दे दी, जो आगामी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर और एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं।इसमें कहा गया है, पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले प्रशिक्षण के लिए अपने सम्मानित साथी, कोच (रवि के लिए) और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ रूस जाएंगे।इस बीच, भारतीय निशानेबाज भवनीश मेंदीरत्ता आईएसएसएफ विश्व कप, बाकू की तैयारी के लिए निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए इटली जाएंगे।मंत्रालय उनके एयर टिकट, आवास और भोजन की लागत, वीजा लागत, कोचिंग शुल्क (भवनीश के लिए) सहित अन्य खर्चों को कवर करेगा।इसने सुझोउ

और दोहा में डायमंड लीग प्रतियोगिताओं के लिए वित्तीय सहायता के लिए एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) के पदक विजेता मुरली श्रीशंकर के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।टॉप्स उनके कोच और मनोवैज्ञानिक का हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास लागत, ओपीए, वीज़ा शुल्क और चिकित्सा बीमा लागत सहित अन्य खर्च कवर करेगा।इसके अलावा, भारतीय पैडलर मनिका बत्रा को क्रोएशिया में डब्ल्यूटीटी फीडर वरज़दीन में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी, साथ ही उनके कोच अमन बाल्गु को चेक गणराज्य के हाविरोव में विश्व मिश्रित युगल ओलंपिक क्वालीफिकेशन इवेंट में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी।टॉप्स के तहत एमओसी ओलंपिक क्वालीफिकेशन इवेंट के दौरान उनके कोच के लिए आतिथ्य व्यय (आवास, भोजन, प्रवेश शुल्क, स्थानीय परिवहन) और वीज़ा शुल्क, चिकित्सा के साथ-साथ उनके हवाई किराए को भी कवर करेगा।बैठक के दौरान एमओसी ने इस ओलंपिक चक्र के लिए टॉप्स कोर ग्रुप में तीन निशानेबाजों और एक पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी को भी शामिल किया है। टॉप्स में शामिल किए गए चार एथलीट हैं, भारत की पैरा-शटलर पलक कोहली, स्कीट निशानेबाज अनंतजीत सिंह नरूका और रायजा ढिल्लों और ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी।

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द रूल का पोस्टर

अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पाः द रुल को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने फिल्म के पोस्टर के साथ टीजर की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। मेकर्स इस फिल्म का टीजर अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर रिलीज करेंगे। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन 8 अप्रैल को अपना 42वां जन्मदिन मनाएंगे। इस मौके को खास बनाने के लिए पुष्पा 2 की टीम फिल्म का दूसरा टीजर रिलीज करने जा रही है।

पुष्पा 2 के टीजर रिलीज की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। फिल्म का नया पोस्टर रिलीज करते हुए मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 को लेकर बीते साल एक टीजर वीडियो जारी किया गया था। वहीं, कुछ दिनों पहले फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया गया। इस बीच मेकर्स ने अल्लू अर्जुन के फैंस को फिल्म के शानदान पोस्टर के साथ इसके टीजर की रिलीज डेट बताकर सरप्राइज कर दिया है। पुष्पा 2 का टीजर अल्लू अर्जुन के जन्मदिन यानी 8 अप्रैल, 2024 को रिलीज किया जाएगा। वहीं, फिल्म के नए पोस्टर की बात करें, तो इसमें पैर में घुंघरू बांधे एक पैर को दिखाया गया है, जो पुष्पा राज का हो सकता है। इससे पहले फिल्म से अल्लू अर्जुन के चेहरे और हाथ का लुक जारी किया गया था। फैंस इस पोस्टर को देखने के बाद फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहें हैं।पुष्पा 2 को लेकर दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज है। सुकुमार के निर्देशन में वर्ष 2021 में आई फिल्म पुष्पा की अगली कड़ी के रूप में पुष्पा 2 इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल पोस्टर पर यूजर्स की दिलचस्प प्रतिक्रिया आ रही हैं। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने भी पोस्टर पर कमेंट किया है। उन्होंने लिखा है, वाह! सुपर! इसके अलावा तमाम यूजर्स अभिनेता को जन्मदिन की अग्रिम बधाई दे रहे हैं।

लोगों को आकर्षित करते जिले के धार्मिक और पर्यटन स्थल

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला अपने प्राकृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के लिये प्रदेश ही नही देश के पर्यटन मानचित्र पर एक अलग स्थान रखता है। यह वनांचल अपने सुरम्य वादियों, पर्वत, झरना, नदियों को अपने आप में समेटे हुए है। यहां पर पवित्र धार्मिक नगरी राजिम है, वहीं जतमई और घटारानी जैसे दो महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल भी पर्यटकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करता है।

राजीव लोचन मंदिर

गरियाबंद के उत्तर-पूर्व में महानदी के दाहिने किनारे पर स्थित है, जहाँ इसकी पैरी ओर सोंढूर नामक सहायक नदियाँ इससे मिलती है। यह जिला मुख्यालय रायपुर से दक्षिण-पूर्व में 45 किलोमीटर दूर है। राजिम के पास नदी पर एक ऊँचा पुल बन जाने से बारहमासी सड़क सम्पर्क स्थापित हो गया है। राजिम छत्तीसगढ़ में महानदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ है। इसे छत्तीसगढ़ का ÷प्रयाग÷ भी कहते हैं। यहाँ के प्रसिद्ध राजीव लोचन मंदिर में भगवान विष्णु प्रतिष्ठित हैं। यहाँ पर माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक विशाल मेला लगता है। यहाँ पर महानदी, पैरी नदी तथा सोंढूर नदी का संगम होने के कारण यह स्थान छत्तीसगढ़ का त्रिवेणी संगम कहलाता है। संगम के मध्य में कुलेश्वर महादेव का विशाल मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि वनवास काल में श्री राम ने इस स्थान पर अपने कुलदेवता महादेव की पूजा की थी। इस स्थान का प्राचीन नाम कमलक्षेत्र है। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के आरम्भ में भगवान विष्णु के नाभि से निकला कमल यहीं पर स्थित था और ब्रह्मा जी ने यहीं से सृष्टि की रचना की थी। इसीलिये इसका नाम कमलक्षेत्र पड़ा। राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग मानते हैं, यहाँ पैरी नदी, सोंढूर नदी और महानदी का संगम है। संगम में अस्थि विसर्जन तथा संगम किनारे पिंडदान, श्राद्ध एवं तर्पण किया जाता है।

कुलेश्वर मंदिर

जहां मां सीता ने की थी रेत के शिवलिंग की पूजा। भगवान राम के वनवास काल के वनपथगमन मार्ग के रूप में चिह्नित किया गया है और इस तथ्य को प्रमाणित करते हुए कई अवशेष यहां मौजूद हैं। इन्हीं में से एक प्रतीक है राजिम का कुलेश्वर महादेव मंदिर। महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर स्थित इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि जिस जगह मंदिर स्थित है, वहां कभी वनवास काल के दौरान मां सीता ने देवों के देव महादेव के प्रतीक रेत का शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा की थी। आज जो मंदिर यहां मौजूद है उसका निर्माण आठवीं शताब्दी में हुआ था।

कहा जाता है कि नदियों के संगम पर मौजूद इस मंदिर के अंदर एक गुप्त गुफा मौजूद है जो नजदीक ही स्थित लोमस ऋषि के आश्रम तक जाती है। इस ऐतिहासिक मंदिर में भगवान कुलेश्वर महादेव के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है। बारिश के बाद तीनों नदियों का जलस्तर काफी ऊपर है और मंदिर पानी से घिरा हुआ रहता है।

जतमई और घटारानी

जतमई धाम स्थल गरियाबंद जिले में रायपुर से 85 किमी की दूरी पर स्थित है। जंगल के बीच खूबसूरत स्थलों के बीच है यह जतमई मंदिर। जतमई मां की पत्थर की मूर्ति गर्भगृह में स्थापित हैं। यह स्थान घने जंगलों से घिरा हुआ है। यहां कल-कल बहते पानी की आवाज सुनना बहुत ही सुकूनदायक लगता है। यहां कल कल करते झरने बरबस ही लोगो का मन मोह लेते है। जतमई अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। प्रतिवर्ष लाखों सैलानी यहाँ आते है और पिकनिक का लुत्फ उठाते है। यहां का झरना प्रसिद्ध है यही लोग अपने आप को इसमें भीगने से रोक नहीं पाते। जतमई प्रकृति की गोद में बसा है यहाँ आकर आप पर्वत चढ़ने का भी मजा ले सकते है। जतमई मार्ग पर और भी पर्यटक स्थल है यहाँ पास में छोटा सा बांध है यह पिकनिक स्पॉट भी है, जहां आप नहाने का भी मजा ले सकते हैं। छुरा ब्लाक के जंगल स्थित जतमई पहाड़ी एक 200 मीटर क्षेत्र में फैला पहाड़ है, जिसकी उंचाई करीब 70 मीटर है. यहां शिखर पर विशालकाय पत्थर एक-दूसरे के ऊपर इस कदर टिके हैं, जैसे किसी ने उन्हें जमाया हो. जतमई में प्रमुख मंदिर के निकट की वादियां सबको आकर्षित करती है.



आस्था स्थल भूतेश्वरनाथ मंदिर

गरियाबंद से 3 किलो मीटर दूर घने जंगलों के बीच बसा है ग्राम मरौदा। सुरम्य वनों एवं पहाड़ियों से घिरे प्रकृति प्रदत्त विश्व का सबसे विशाल शिवलिंग विराजमान है। एक ओर जहां महाकाल और अन्य शिवलिंग के आकार के छोटे होते जाने की खबर आती है वहीं एक शिवलिंग ऐसा भी है जिसका आकार घटता नहीं बल्कि हर साल और बढ़ जाता है। यह शिवलिंग प्राकृतिक रूप से निर्मित है। हर साल महाशिवरात्रि और सावन सोमवार को पदयात्रा कर कांवरिए यहां पहुंचते हैं। इस शिवलिंग को भूतेश्वरनाथ के नाम से पुकारा जाता है। जिसे भकुर्रा भी कहा जाता है। इसे अर्धनारीश्वर शिवलिंग होने की मान्यता प्राप्त है।

उदन्ती-सीतानदी टाइगर रिजर्व

बाघों के रहवास हेतु अनुकुल परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए वन एवं पर्यावरण भारत सरकार द्वारा उदंती एवं सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र के 851.09 वर्ग किलोमीटर कोर जोन एवं 991.45 वर्ग किलोमीटर बफर जोन को मिलाकर कुल 1842.54 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र को टायगर रिजर्व क्षेत्र में लेने की सैद्धातिक स्वीकृति प्रदान करने के बाद छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 20 फरवरी 2009 को अधिसूचना जारी कर उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद का गठन किया गया है। उदंती एवं सीतानदी अभ्यारण्य में प्रवाहित होने वाली नदी उदंती एवं सीतानदी के नाम पर यह टायगर रिजर्व रखा गया है। उदन्ती-सीतानदी टायगर रिजर्व में मुख्यतः राजकीय पशु वनभैंसा, बाघ, गौर, हिरण, सांभर, जंगली सुअर, तेंदुआ, चीतल, बार्किंग डियर, भालू आदि वन्यप्राणी पाए जाते हैं।

सिकासार जलाश

सिकासार जलाशय जिला मुख्यालय से 50 किमी की दूरी पर स्थित है यहाँ पर सभी मौसम में पहुंच योग्य है। सिकासार जलाशय का निर्माण सन 1977 में पूर्ण हुआ। सिकासार बाँध की लंबाई 1540 मी. एवं बाँध मी अधिकतम ऊंचाई 9.32 मी. है।

दो पहाड़ों के बीच सिकासार बांध में जमा पानी मनोरम छटा बिखेरता है। 1977 में इस परियोजना को 5 करोड़ की लागत से तैयार किया गया था। यही वजह है कि यहां दूर-दूर से लोग आते हैं। वीआईपी टूरिस्ट की यह पहली पसंद है। इस बांध से 4 फायदे हैं, पहला दो जिलों की सिंचाई होती है, दूसरा 7 मेगावाट बिजली पैदा होती है। तीसरा टूरिस्ट प्वाइंट के लिए तैयार किया जा रहा है और चौथा यहां टाइगर फिश का टेंडर होता है। यह प्रदेश में कहीं नहीं मिलती। इस परियोजना में बिजली उत्पादन की दो यूनिट भी स्थापित हैं, जहां से 7 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। ईई प्रदीप आनंद के मुताबिक पर्यटन मंडल इन सारी खासियतों के मद्देनजर इसे टूरिस्ट प्वाइंट बनाने का मन चुका है। दो जिलों के 150 गांवों को मिलती है सिंचाई सुविधाविभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप आनंद ने बताया कि सिंचाई योजनाओं में जिले ही नहीं प्रदेश भर की टॉप 10 योजनाओं में गरियाबंद जिले की सिकासार सिंचाई परियोजना भी शामिल है। 5 करोड़ की जलाशय परियोजना से 2 जिलों के 150 गांवों में 73736 हेक्टेयर भूमि को 52 वर्षों से सिंचाई सुविधा मिल रही है। 7 मेगावाट बिजली तैयार होती है, बांध में दरारें रोकने 37 करोड़ से कैसकेट वॉल तैयार की।

व्यवस्थापन में निर्धारित भूमि से अधिक रकबे पर कब्जे की जांच में आधा दर्जन से अधिक निकले अतिक्रमणकारी

- चुनाव के बाद बड़ी कार्यवाही की तैयारी में जूटा राजस्व प्रशासन

खैरागढ़ /नवप्रदेश। शहर के विभिन्न इलाको मे पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा विस्थापन के तहत सरकारी जमीन खरीदकर मकान दुकान निर्माण करने वाले हितग्राहियों की जांच में बनाई गई समिति द्वारा जांच प्रतिवेदन दिए जाने के बाद अब कार्यवाही की दिशा तय होगी । शहर भर मे लगभग 13 से अधिक ऐसे हितग्राहियों की मौके पर की गई जांच के दौरान आधा दर्जन से अधिक हितग्राहियों द्वारा तय सीमा से दुगने स्थान पर निर्माण कार्य कराना पाया गया है । जांच समिति मे तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक सहित पटवारी को शामिल किया गया था । मौके पर जाकर की गई जांच मे कई खामियों के सामने आने के अलावा जानबूझकर नियत जमीन से अधिक मे निर्माण कार्य कराने, एक मंजिल की जगह दो और तीन मंजिल तक मकान दुकान का निर्माण करने की शिकायत जांच मे सामने आई है । बताया गया कि व्यवस्थापन के तहत सरकारी जमीन का निर्धारित पंजीयन कराने के बाद हितग्राहियो ने मनमाफिक्र निर्माण कार्य पूरा कराया है । निर्धारित जमीन के अलावा आसपास और आजूबाजू की सरकारी जमीन को भी नही छोड़ा गया बल्कि निर्धारित जगह से दुगनी जगह पर निर्माण कार्य भी पूरा करा लिया गया । शिकायत के बाद हरकत मे आई राजस्व प्रशासन ने इसकी जांच जनवरी में शुरू कराई थी । दो माह बाद आई रिर्पोट मे आधा दर्जन से अधिक लोगो ने अतिक्रमण कर सरकारी जमीन को भी दबा कर निर्माण कार्य कराया है ।

नोटिस के बाद दो माह में पूरी हो पाई जांच

व्यवस्थापन मामले मे अधिक जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत के बाद डिप्टी कलेक्टर टीपी साहू ने तहसीलदार प्रीति लारोकर के संयोजन मे आरआई और पटवारियों की टीम बनाकर इसके जांच कर प्रतिवेदन तीन दिन मे दिए जाने के निर्देश 11 जनवरी को जारी किए थे । शहर सीमा के भीतर ही लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक हितग्राहियों ने पूर्ववर्ती सरकार के दौरान व्यवस्थापन के लिए आवेदन जमा कराए थे । इसमे से अधिकांश को निर्धारित भूमि का सरकार के पक्ष मे पंजीयन कराए जाने के बाद व्यवस्थापन दिया गया था । लेकिन इसमे से अधिकांश हितग्राहियों ने सरकार से मिली जमीन के अलावा अतिरिक्त भूमि पर भी कब्जा करने मे कोई कसर नही छोड़ी और सरकार से मिली निर्धारित रकबे से अधिक भूमि पर दुकान, भवन, मकान का बेधड़क निर्माण करा डाला । पूर्ववर्ती सरकार मे 2017 के पूर्व काबिज अतिक्रमण कारियों का व्यवस्थापन करने अधिकतम 7500 वर्गफीट भूमि मे व्यवस्थापन के निर्देश थे । व्यवस्थापन मे प्रतिवेदन नही दिए जाने के माह भर बाद भी कार्यवाही नही होने पर डिप्टी कलेक्टर टीपी साहू द्वारा तहसीलदार प्रीति लारोकर सहित संबंधित कर्मचारियों को 2 फरवरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर इसका जवाब मांगते व्यवस्थापन संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश जारी किए गए थे ।

> व्यवस्थापन मे निर्धारित रकबे से अधिक भूमि पर कब्जा और अवैध तरीके से निर्माण किए जाने की शिकायत की जांच पूरी हो गई है । लोकसभा चुनाव के बाद इन अवैध निर्माणो पर बड़ी कार्यवाही होनी है ।
>
> **टंकेश्वर साहू,** एसडीएम खैरागढ़

तैयारी के साथ कार्रवाई

अतिक्रमण कर व्यवस्थापन मे निर्धारित जमीन से अधिक मे कब्जा कर अवैध तरीके से निर्माण कराए जाने की जांच रिर्पोट आने के बाद राजस्व प्रशासन ने इसमे कार्यवाही की तैयारी शुरू कर दी है । बताया गया कि लोकसभा चुनाव के चलते इसमे प्रारंभिक तैयारी रोक दी गई है । लोकसभा चुनाव पूर्ण होने के बाद मामले मे प्रशासन बड़ी कार्यवाही की तैयारी है । जिला प्रशासन इन अवैध निर्माणों पर बुलडोजर भी चलवा सकता है । हालंकि मामले मे संबंधित अधिकारी फिलहाल कू छ भी कहने से बच रहे है । लेकिन इन अवैध निर्माण कार्यो पर कार्यवाही तय है ।

चुनाव के दौरान नक्सलियों से निपटने दो राज्यों ने मिलकर बनाई रणनीति

बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर लोकसभा सीट में प्रथम चरण में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बस्तर पुलिस ने कमर कस ली है। अभी से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर बस्तर पुलिस सीमावर्ती इलाकों में लगी अन्य राज्यों की पुलिस से भी कोऑर्डिनेशन कर रही है। इसी सिलसिले में मंगलवार को जगदलपुर में स्थित पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर में बस्तर पुलिस और महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर दोनों राज्यों के पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि बस्तर लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में नक्सली चुनौती को ध्यान में रखते हुए बस्तर पुलिस के द्वारा अन्य राज्यों के पुलिस के साथ भी समन्वय बैठक की जा रही है।

आईजी ने बताया कि इससे पहले ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य के पुलिस के आला अधिकारियों के साथ भी बस्तर पुलिस समन्वय बैठक कर चुकी है।

वहीं मंगलवार को महाराष्ट्र पुलिस के साथ हुई बैठक में राज्य के साथ साथ सीआरपीएफ के आईजी, एसपी और नक्सल विरोधी अभियान में शामिल अन्य पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण रणनीति तैयार की गई है। जो लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए काफी अहम साबित होंगे।

महाराष्ट्र पुलिस के साथ 3 घंटे तक चली बैठक : जगदलपुर शहर के बस्तर पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों ने लगभग 3 घंटे तक बैठक की। वहीं महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में हजारों की संख्या में सीआरपीएफ के जवानो की तैनाती की गई है। चुनाव के दौरान राज्य पुलिस के साथ-साथ सेंट्रल पुलिस बल भी नक्सल विरोधी अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में लोकसभा चुनाव में नक्सली किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम न दे सके इसके लिए दोनों राज्यों की पुलिस ने समन्वय बैठक की।

तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा के अधिकारियों से साथ भी बैठक

इसके अलावा नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षित रूप से जवानों की तैनाती के साथ पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाने को लेकर भी चर्चा की गई। सीमावर्ती इलाकों में खास सुरक्षा व्यवस्था बनाने के साथ ही कई नई रणनीतियां भी तैयार की गई है। हालांकि बस्तर आईजी ने सुरक्षागत कारणों से इन नई रणनीतियों का खुलासा नहीं किया। लेकिन उन्होंने दावा किया है कि इस इंटर स्टेट पुलिस की समन्वय बैठक में लिए गए निर्णय बस्तर में प्रथम चरण में होने वाले चुनाव में काफी महत्वपूर्ण साबित होंगे। सुरक्षा के साये में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाया जाएगा।

चुनाव आयोग से अतिरिक्त फोर्स की मांग

बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके मतदान संपन्न कराने के लिए बस्तर पुलिस अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। इसके लिए चुनाव आयोग से अतिरिक्त फोर्स की मांग किए जाने के साथ ही छत्तीसगढ़ से लगे सभी सीमावर्ती राज्यों के पुलिस अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर नक्सलियों पर नजर रखने के लिए और उनके इलाके में ज्वाइंट ऑपरेशन चलाने के लिए भी इस बैठक में चर्चा की गई है।

दीपका रेलवे क्रासिंग में मालगाड़ी की टक्कर से ट्रेलर क्षतिग्रस्त

कोरबा/नवप्रदेश। आरएनएस)। बजरंग चैक दीपका रेलवे क्रासिंग में दो दशक पहले से बना हुआ है लेकिन यहां रेलवे फाटक नहीं होने से बार-बार हादसे हो रहे हैं। 12 घंटे के अंदर मंगलवार की सुबह पुनः दुर्घटना हो गई। मालगाड़ी के टक्कर से ट्रेलर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, इससे कोई जन हानि तो नहीं हुई लेकिन मुख्य मार्ग में जाम लग गया। बाद में वाहनों को हटा कर स्थिति सामान्य की गई।

रेलवे क्रासिंग फाटक पर पदस्थ विष्णु प्रसाद ने बताया कि ट्रेलर नो एंट्री से प्रवेश किया और यहां रेलवे ट्रैक के ऊपर चालक ने ट्रेलर को खड़ा कर दिया, जिसका पिछला हिस्सा पटरी पर स्थित था और चालक जाम हटाने गाड़ी को छोड़ कर चला गया, तभी अचानक मालगाड़ी आ गई। इस दौरान फाटक में पदस्थ कर्मचारी ने लाल झंडा दिखाकर रोकने का प्रयास किया, मालगाड़ी नहीं रुकी और टेलर का पिछला हिस्सा टकरा गई। घटना में जनहानि नहीं हुई है एवं बड़ा हादसा टल गया। इसके 12 घंटे पहले भी एक घटना हुई थी, इस दौरान भी नो एंट्री में ट्रेलर बैरियर को तोड़कर फ रार हो गया था। रेलवे क्रासिंग पर फाटक नहीं होने से बार-बार हादसे हो रहे हैं। यहां बताना होगा कि दीपका रेलवे क्रासिंग में दो मार्गों के लिए चार फाटक होना चाहिए।